वर्ष-31, अंक- 226, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
03 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा खुर्द गांव में रविवार रात्रि 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान लोइगा सुठा गांव (पाटन थाना) निवासी सलमा बीबी (उम्र 35 वर्ष), पति मोहम्मद बरकत अंसारी के रूप में हुई है। वह पोखराहा में अपने चाचा की बेटी की शादी में शामिल होने आई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शादी समारोह के बाद सलमा बीबी सहित लगभग 20-25 लोग आशिक अंसारी के मकान की छत पर सोए हुए थे। सुबह जब लोगों की नींद खुली, तो देखा गया कि सलमा बिजली के करंट की चपेट में आ चुकी थी। परिजन आनन-फानन में उसे एमएमसीएच अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में घर के मालिक आशिक अंसारी ने बताया कि उनके घर की छत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है। इस तार को हटवाने के लिए उन्होंने बिजली विभाग को 7 से 8 बार आवेदन दिया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस लापरवाही के कारण एक महिला की जान चली गई, जिससे परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है और प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो एवं भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचाव के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## मुख्यमंत्री से डीआईजी नौशाद आलम अंसारी सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची में प्रदेश के विभिन्न जिलों और प्रमंडलों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डी.आई.जी.) नौशाद आलम अंसारी ने मुख्यमंत्री से विशेष रूप से भेंट कर पलामू प्रमंडल में कानून व्यवस्था, नक्सल निरोधक अभियानों और पुलिसिंग



व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने पलामू क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दुमका के पुलिस महानिरीक्षक (आई.जी.) शैलेंद्र कुमार सिन्हा, बोकारो के आई.जी. क्रांति कुमार गडिदेशी, धनबाद के एस.एस.पी. प्रभात कुमार, जमशेदपुर के एस.एस.पी. पीयूष पाण्डेय, बोकारो के एस.पी. हरविंदर सिंह, पाकुड़ की एस.पी. निधि द्विवेदी और जामताड़ा के एस.पी. राजकुमार मेहता भी उपस्थित थे। इस मुलाकात का उद्देश्य राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, पुलिसिंग में सुधार और नक्सल प्रभावित इलाकों में चल रही कार्रवाई की जानकारी साझा करना रहा। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को जनहित में सतत प्रयासरत रहने की सलाह दी।

## जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम जारी

## रजित गुप्ता को एआईआर 1, एआईआर 16 के साथ देवदत्ता माझी गर्ल्स में टॉपर

- काउंसलिंग 3 जून से 28 जुलाई के बीच छह चरणों में होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले के लिए आयोजित जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणाम सोमवार को जारी कर दिए गए। साथ ही, फाइनल उत्तर कुंजी भी जारी कर दी गई है। परीक्षार्थी अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।



जेईई एडवांस्ड 2025 में आईआईटी दिल्ली जोन के कोटा के रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल किया है। वहीं, दूसरे नंबर पर कोटा के सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। बुरहानपुर के माजिद हुसैन ने ऑल इंडिया तीसरी रैंक हासिल की है। जेईई एडवांस्ड 2025 में पार्थ मंदार वर्तक ने चौथी, उज्ज्वल केसरी ने पांचवीं, अक्षत कुमार चौरसिया ने छठी, साहिल मुकेश देव ने सातवीं, देवेश पंकज ने आठवीं, अर्णव सिंह ने नौवीं और **शेष पेज 11 पर...**

## 'सतत विकास लक्ष्य' की कार्यशाला में बोले मंत्री राधा कृष्ण किशोर

# कार्यपालिका और विधायिका के समन्वय से होगा विकास

- कार्यशाला में की गई एसडीजी डैशबोर्ड की लांचिंग
- सतत विकास प्रक्रिया को ट्रैक करने में करेगा मदद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में सोमवार को 'बिल्डिंग ए सस्टेनेबल झारखंड ग्लोबल गोल्स - लोकल सॉल्यूशंस' पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में झारखंड के सतत विकास के लिए नई पहल पर चर्चा की गई। कार्यशाला में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी समेत कई विभागीय अधिकारी शामिल हुए।




**स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी : मुख्य सचिव**

'सतत विकास लक्ष्य' की राज्यस्तरीय कार्यशाला में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि सभी जिलों के बीच विकास को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड का प्रदर्शन फिलहाल दूसरे राज्यों की तुलना में ठीक नहीं है, लेकिन हमारी कोशिश सतत जारी है। हम लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड ने बेहतर काम किया है।

कार्यशाला में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सतत विकास की अवधारणा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, मनरेगा और बालू जैसे क्षेत्रों में स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए 'सतत विकास' की जगह 'सतत करप्शन फ्री विकास' पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका के समन्वय से ही विकास संभव होगा। कार्यशाला के दौरान एसडीजी डैशबोर्ड की लांचिंग की गई। यह डैशबोर्ड राज्य के सभी जिलों में सतत विकास प्रक्रिया को ट्रैक करने में मदद करेगा। अपने दिल के उद्गार को प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने संसाधनों को भविष्य के लिए बचाता है और दूसरे देशों के संसाधनों का उपयोग करता है। यह कैसी 'सतत विकास' की अवधारणा है। 'सतत विकास' का मतलब गरीबी, कुपोषण मुक्त सतत विकास होना चाहिए, न कि शोषण और दोहन का 'सतत विकास' होना चाहिए।

## रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग

- सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित, विमान से टकराया था पक्षी




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** इंडिगो के एक विमान की सोमवार को 'बर्ड हिट' के बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट परआपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित रहे। बताया जाता है कि विमान के 'नोज कोन' से की गिद्ध से टक्कर हो गई थी। पटना से कोलकाता वाया रांची की इंडिगो की यह फ्लाइट जिस वक्त पक्षी से टकराई, उस वक्त वह करीब तीन से चार हजार फीट की ऊंचाई पर थी। टक्कर के बाद विमान करीब 40 मिनट तक हवा में रहा। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्लेन की सुरक्षित तरीके से लैंडिंग करा ली। जानकारी के अनुसार, इंडिगो के एयरबस-320 पर क्रू मेंबर्स सहित 175 यात्री सवार थे। पक्षी से टक्कर के बाद यात्री दहशत में थे। विमान के क्रू मेंबर ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पायलट आपातकालीन रूप से सुरक्षित लैंडिंग की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। दिन में करीब 02:00 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पायलट ने कौशल का परिचय देते हुए विमान की आपात लैंडिंग कराई। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। टक्कर से विमान को कितनी क्षति हुई है, इंजीनियर इसका आकलन करने में जुटे हैं। सुरक्षा जांच और मंजूरी मिलने के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दी जाएगी।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पक्षियों की वजह से विमान के उड़ान में बाधा में यह कोई पहली घटना नहीं है। इसके पहले विगत 8 मई को भी दिल्ली-रांची एयर इंडिया एक्सप्रेस (आईएक्स 116) के विंग में कबूतर फंस जाने के कारण खराबी आ गई थी। यह विमान दिन के 10:10 बजे एयरपोर्ट पर लैंड कर गया था। उसके बाद तकनीकी खराबी का पता चला। जांच की गई तो विमान के ब्लेड में एक मरा और एक जिंदा कबूतर मिला।

## आज / कल




## टीएसपीसी के उग्रवादियों ने केरेडारी में मचाया उत्पात

- फायरिंग की, दो वाहनों में लगाई आग
- गोलीबारी में घायल हुआ एक युवक

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के पगार ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी में नक्सलियों ने रविवार (1 जून) की देर रात को जमकर उत्पात मचाया। तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों ने केडी कोल परियोजना में कार्यरत बीजीआर कंपनी के दो स्कैनिया वाहनों को अपना निशाना बनाया। उग्रवादियों ने पहले वाहनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, फिर उन्हें आग के हवाले कर दिया। गोलीबारी की इस घटना में एक युवक के घायल होने की भी सूचना है। आग लगने से दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल से टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर कौशल के नाम से एक पत्र भी बरामद हुआ है। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस वारदात को लेकर थाना प्रभारी विक्की ठाकुर ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। आगजनी की घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण 19 जून को : संजय सेठ

**रांची।** नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सोमवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की। रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से रांची के रातू रोड में बने एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रगति की जानकारी दी और इसके लोकार्पण का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने 19 जून 2025 को कॉरिडोर के लोकार्पण की सहमति दी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण आगामी 19 जून को होगा। ज्ञात हो यह झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर बना है और यह सौगात रांची की जनता को मिली है।

## पलामू डीआईजी ने डीजीपी से की शिष्टाचार भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस उप-महानिरीक्षक (पलामू) नौशाद आलम ने आज झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से पुलिस मुख्यालय, रांची में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में विशेष रूप से पलामू प्रमंडल के अंतर्गत नक्सल विरोधी अभियानों की प्रगति, रणनीतियों और संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, विधि-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श



किया गया। डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस महानिदेशक को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) माईकलराज एस., पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक) सुरेन्द्र कुमार झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## झारखंड हाईकोर्ट में राहुल गांधी ने दायर की अपील

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर की। इस याचिका में कांग्रेस नेता ने चाईबासा के एमपी एमएलए की विशेष अदालत की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि वे पहले से ही उपस्थिति से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुके हैं, जो लंबित है। वैसी स्थिति में चाईबासा कोर्ट की ओर से गैर जमानती वारंट जारी करना सही नहीं है। राहुल गांधी ने वारंट को निरस्त करने की मांग की है। ज्ञात हो कि चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है।

## इंडिया

## नदी नालों के ऊपर बने रहे घर सभी के लिए समस्याएं



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

राजनीति या पैसों के बलबूते नियम तोड़ने की होड़ के बीच रास्तों से लेकर नदी नालों तक के ऊपर घर या दुकान बनाने वाले अतिक्रमण से अधिक बड़ा अपराध करते हैं क्योंकि वे लाखों लोगों की परेशानी और भविष्य के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं ।

नदी नालों पर घर दुकान बनाने वाले सभी के लिए समस्या खड़ी करेंगे महीनों से बरसात की आस लगाए झारखंडवासी अब जल जमाव से परेशान हैं क्योंकि उत्तर पूर्व भारत,दिल्ली और मुंबई उन्हें डरा रही है । राजधानी रांची के नदी नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर दुकानें बना लीं हैं। राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में 2019 में पांच साल की बच्ची एक खुले नाले में गिर गई थी और उसका शव तीन किलोमीटर दूर श्मशान घाट के निकट स्वर्णरेखा नदी से बरामद हुआ था 2021 नें एक वृद्ध नाले में बह गए और 12 घंटे बाद भी शव का पता नहीं चला था । ऐसा ही ही मामला कांटाटोली के नाले के ऊपर रहने वालों के साथ हुआ था,हंगामा हुआ फिर लोग भूल गए । पिछले वर्ष रातू रोड के पंचशील नगर और न्यू शाहदेवनगर में पानी भरा हुआ था। 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है । ऐसा करने पर नदी-नाले का अतिक्रमण माना जाएगा इसके लिए उन्होंने टीम गठित करने का निर्देश दिया था । पर वस्तुस्थिति यह है कि अतिक्रमण और औद्योगीकरण का



परिणाम है कि रांची में बहने वाली 12 से 14 सहायक छोटी नदियां या तो लुप्त हो गई हैं या अंतिम सांसें गिन रही हैं। कई नदियों के नाम तक लोग भूल गए है। वर्ष 2000 के पहले व बाद राज्य गठन के समय से ही तेजी से इन नदियों को अतिक्रमण व दूषित करके इसे विलुप्त कर दिया गया। इसमें हटिया क्षेत्र में नकटी नदी भी है। जिस पर बढ़ते शहरीकरण से इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसी ही दूसरी डोढ़ नदी भी थी। जो इरगूटोली होकर बहती थी। अब यह सहायक नदी नाले में बदल दी गई है। इसके अलावा करमटोली से करम ढोढ़हा नामक की छोटी सी जलधारा बहा करती थी जो कोकर स्थित डिस्टिलरी तालाब तक आती थी। इसका भी स्रोत अब शहरीकरण व आबादी बढ़ने के कारण बंद हो गया है । इस तरह कई और सहायक नदियां हैं, जिनका आज कुछ पता नहीं है। दिनों-दिन अतिक्रमण के कारण बंशीधर नगर के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली बांकी नदी सिकुड़ती गई । पेयजल संकट के बाद सरकार, स्वयंसेवी संगठन व बुद्धिजीवी प्राकृतिक जल स्रोतों की पुनरुद्धार करने की बात दो वर्ष से कर रहे हैं । गुमला शहर के दोनों छोर से गुजरने वाली नदी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है।

उत्तर में बस स्टैंड के नीचे से होकर और दक्षिण में काली मंदिर से होकर गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे की जमीन का अतिक्रमण कर भूमाफिया ने इन्हें नाले में बदल दिया है। इससे दुर्गंध आती है और हल्की बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। आवागमन बाधित हो जाता है। रांची की लाइफ-लाइन कही जाने वाली हरमू नदी का पानी कुछ दशक पहले एकदम साफ हुआ करता था और आसपास की बस्तियों के लोग इसका पानी पीते तक थे। नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के लिए भी हरमू नदी के पानी काम आता था। आज इस का पानी गंदगी और प्रदूषण के कारण काला पड़ गया है। हाईकोर्ट की निगरानी में एक कमेटी ने क्षेत्र का दौरा किया, तो जानकारी मिली कि हरमू नदी के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक अतिक्रमण और अवैध कब्जा हुआ है। झारखंड की महत्वपूर्ण नदियों में से एक स्वर्णरेखा नदी अतिक्रमण का शिकार होती रही है। जो कभी 24.47 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज 05 मीटर तक रह गयी है। जुमार नदी जो कभी 30.4 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह भी आज 10 मीटर तक चौड़ी रह गयी है। पोटपोटो नदी जो कभी 32.37 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज की तारीख में अतिक्रमण की वजह से 07 से 08 मीटर चौड़ी रह गयी है। सिकुड़ती नदियां यह बताने को काफी है कि कैसे रांची नगर निगम और सरकारों ने इस की अनदेखी की । राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन महंगी होती गयी और भू माफियाओं ने सरकारी बाबुओं के साथ मिलकर नदी किनारे की जमीन को भी नहीं छोड़ा। हर बरसात में इस पर चर्चा होती है फिर समाप्त हो जाती है।

## सेना के शौर्य को सैल्यूट

## तीनों सेनाओं के पराक्रम का प्रतीक है 'ऑपरेशन सिंदूर'




**डॉ प्रमोद कुमार, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, स्वतंत्रता सेनानी और संविधान सभा के सदस्य बाबू रामनारायण सिंह के पौत्र, रामनगर, हजारीबाग।**

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता में भारतीय सेना ने जिस वीरता, शौर्य और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पुराने स्थापित सभी मिथकों को धूल धूसरित कर दिया और नया कृतिमान बनाया, उसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा करता हूं। पाकिस्तान अपनी युद्ध नीति की परंपरागत ढर्रे पर चल रहा था। वर्ष 1965, 1971 और 1999 के युद्ध की तरह इस बार भी वह अपने आकाओं पर भरोसा कर सिर्फ गीदड़ भभकी दे रहा था। लेकिन, 7 से 10 मई 2025 के बीच चले सैनिक अभियान ने पाकिस्तान को पूरी तरह झकझोर दिया और भारतीय सेना ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना दी। सेना की इच्छा शक्ति, मनोबल, निर्णय लेने की शक्ति पर कोई बंदिश नहीं थी। सेना का मनोबल इससे और भी अधिक ऊंचा हो गया। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की प्रेस वार्ता ने तहलका मचा दिया। तीनों सेनाओं के अध्यक्ष की नजरें आतंकवादी क्षेत्र की एक-एक इंच भूमि पर टिकी थीं। वैश्विक हाहाकार मच गया। पाक औंधे मुंह गिरा। अब मांगो सबूत, लेकिन सबूत भी कौन मांगेगा। इस कार्रवाई से न सिर्फ पाकिस्तान **शेष पेज 11 पर...**

## एक नजर

### काली मंदिर का सौंदर्यीकरण अधूरा, श्रद्धालुओं में नाराजगी



**मोहम्मदगंज।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित प्राचीन काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का काम अधूरा रहने से श्रद्धालु नाराज हैं। वर्ष 2021 में डीआरएम के निर्देश पर कार्य शुरू हुआ था परंतु अधूरा ही छोड़ दिया गया। न गर्भगृह में गेट लगा है, न ही द्वार पर किवाड़। पुजारी शिवलाल प्रसाद नियमित पूजा करते हैं लेकिन श्रद्धालु अधूरे कार्य को देख नाखुश होकर लौट रहे हैं। लोग मांग कर रहे हैं कि मंदिर निर्माण को प्राथमिकता दी जाए।

### हुसैनाबाद में तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट 8 जून को



**हुसैनाबाद।** जेवाईएसएस की ओर से 8 जून को सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन होगा। यह टेस्ट हरिहरगंज, हुसैनाबाद और हैदरनगर के विभिन्न विद्यालयों में लिया जाएगा। सुबह 8 से 10 बजे तक दो घंटे की परीक्षा होगी। पास करने वाले 105 विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। संस्था प्रमुख के विश्वा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।


### शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सामने सूखे पेड़ को हटाने की मांग



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ने कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात कर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित सूखे पेड़ को हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पेड़ पूरी तरह सूखा है और कभी भी गिर सकता है। इसके नीचे से 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन गुजर रही है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। ईओ टीके हंस ने बताया कि अंचल से अनुमति लेकर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# हरिहरगंज स्वास्थ्य केंद्र कोविड के नए वेरिएंट को लेकर अलर्ट मोड पर

**आपात स्थिति से निपटने के लिए 6 बेड वाला आइसोलेशन वार्ड तैयार, जांच और दवा की व्यवस्था दुरुस्त**



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** कोविड-19 का नया वेरिएंट एक बार फिर देश में तेजी से फैल रहा है, जिससे संक्रमण की आशंका बढ़ गई है। केंद्र और राज्य सरकारों के निदेर्शानुसार जिले के स्वास्थ्य केंद्रों को सतर्क कर दिया गया है। इसी क्रम में हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ चुका है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि पलामू सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार कोविड से निपटने के लिए अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। इस वार्ड में कुल छह बेड आरक्षित किए गए हैं, जिनमें दो बेड महिलाओं के लिए तथा चार बेड पुरुष मरीजों के लिए निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि संभावित आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अलग रखने के लिए आइसोलेशन की व्यवस्था, ऑक्सीजन कंसेनट्रेटर, कोरोना जांच किट, मास्क, हैंडवॉश और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। इसके अलावा सभी स्वास्थ्यकर्मियों को किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। डॉ. प्रसाद ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी में कोविड जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि भय का वातावरण नहीं बनाना चाहिए, बल्कि सावधानी और समय पर जांच से ही इस संक्रमण पर काबू पाया जा सकता है। इस अवसर पर कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे और उन्होंने भी आपसी समन्वय से संक्रमण रोकथाम की तैयारियों में सहयोग किया।

## माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर मोकहर में बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** मोकहर कला पंचायत सचिवालय में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रतिनिधि, कर्मी, ग्रामीणों व महिला समूह की सदस्याओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने की। उन्होंने डीपीआरओ के निदेर्शानुसार भस्मक निर्माण की जानकारी दी और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता देने पर बल दिया। पंचायत सेवक एवं कनीय अभियंता ने निर्माण कार्य को लेकर लोगों को आश्वस्त किया। बैठक में जलसहिया विभा देवी, सेविका नगीना, प्रभा, सहिया रीना, संजू, निकहत परवीन, सुनीता, रबीना, सुशीला देवी, नीलम और सबीना आदि ने अभियान को सफल बनाने की शपथ ली।

## परता में पशुओं को खुरहा और चेचक का टीका लगाया गया

**हैदरनगर।** परता पंचायत में पशुपालन विभाग द्वारा खुरहा और चेचक रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया। टीका प्रभारी संतोष कुमार शर्मा व तकनीशियन अनुज कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान 18 जुलाई तक चलेगा। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि अब तक 100 से अधिक पशुओं को टीका लगाया गया है। नरेन्द्र पांडेय, सत्यनारायण विश्वकर्मा, विजय राम समेत कई पशुपालक अभियान में शामिल होकर उत्साहित नजर आए।

## सड़क निर्माण में क्षतिग्रस्त चापाकल की मरम्मत अब तक नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** मरघटिया रोड से बिलासपुर तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सरकारी चापाकल की मरम्मत एक माह बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई है, जिससे क्षेत्र के करीब 32 घरों के लोग भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय वार्ड सदस्य रविन्द्र मेहता, ग्रामीण दीपक कुमार मेहता, सुजित सोनी, अनूप कुमार सिंह, राजेश्वर मेहता, मनोज विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि निर्माण एजेंसी के लापरवाहीपूर्ण कार्य से यह चापाकल क्षतिग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार पंचायत प्रतिनिधियों व विभागीय अभियंताओं से आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि संवेदक द्वारा सड़क निर्माण के दौरान बगैर पूर्व जानकारी के भारी उपकरणों का प्रयोग किया गया, जिससे चापाकल का भूमिगत पाइप पूरी तरह मुड़ गया है और अब मरम्मत असंभव बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि एक ओर सरकार जल संकट दूर करने के लिए योजनाएं चला रही है, दूसरी ओर अधिकारियों की लापरवाही से लोगों को बुनियादी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि या तो क्षतिग्रस्त चापाकल को यथाशीघ्र चालू किया जाए या फिर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नए चापाकल की स्थापना कराई जाए। इस मामले में यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### दुकानदारों ने नाली निर्माण की समस्या को लेकर डीसी से की थी मांग, अबतक समाधान नहीं

**हुसैनाबाद।** अधूरे नाली निर्माण से बरसात के दिनों में दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। अम्बेडकर चौक से थाना मोड़ तक की दुकानों में जलजमाव होता है, जिससे लाखों का नुकसान हो रहा है। दुकानदारों ने पांच महीने पहले कैंप में डीसी को आवेदन देकर समाधान की मांग की थी। जिशान हसन ने बताया कि पहले के डीसी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया था लेकिन अब मामला ठंडे बस्ते में है। अब दुकानदारों ने वर्तमान उपायुक्त से मिलने की योजना बनाई है।

## पत्नी की विदाई न होने से क्षुब्ध युवक ने की आत्महत्या



**शादी के दस दिन बाद लिया आत्मघाती कदम**

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र के अधौरा गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां शादी के महज दस दिन बाद 28 वर्षीय युवक ने पत्नी की विदाई न होने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान सत्येन्द्र साव के रूप में हुई है, जिसने रविवार की रात नशीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मामले में यूडी (वल्लल्लं३४१ʼ ऊंइँ) केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्येन्द्र साव की शादी 22 मई 2025 को छतरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। तिलक और बारात की सभी रस्में परंपरागत रूप से धूमधाम से पूरी की गई थीं और विवाह के बाद नवविवाहिता मायके चली गई थी। शादी के कुछ दिनों बाद सत्येन्द्र साव स्वयं अपनी पत्नी को विदा कराने छतरपुर गया, लेकिन लड़की पक्ष ने विदाई से इनकार कर दिया। इसके बाद सत्येन्द्र के पिता भी बहू की विदाई कराने के लिए गए, किंतु उन्हें भी निराशा हाथ लगी।

### मानसिक तनाव में था युवक

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार विदाई नहीं होने से सत्येन्द्र साव काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। कई बार उसने इस विषय पर चिंता व्यक्त की थी। अंततः रविवार की रात वह अत्यधिक तनाव में आकर नशीला पदार्थ खा लिया। देर रात तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने जब उसे देखा, तो आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक के माता-पिता, परिजन और परिचित गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## ईद-उल-जोहा पर आज होगी शांति समिति की बैठक





नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** ईद-उल-जोहा (बकरीद) त्योहार को लेकर थाना परिसर हैदरनगर में 3 जून मंगलवार को शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने लिखित सूचना जारी कर बताया कि शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को शाम 4:30 बजे थाना सभागार में बैठक होगी। इसमें शांति समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। साथ ही जिला परिषद सदस्य, प्रमुख/ उपप्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कई प्रबुद्धजनों व समाजसेवियों को भी सूचना देकर उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## विद्या विहार वाटिका में मैट्रिक टॉपर्स का सम्मान





नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** लठेया स्थित विद्या विहार वाटिका विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 94.6% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी रिया गुप्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। रिया संगीत, नृत्य, बाल संसद, भाषण और पढ़ाई में अव्वल रही हैं। उसकी बहन निधि गुप्ता भी पूर्व टॉपर रही हैं और वर्तमान में वढरउ की तैयारी कर रही हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ. रामरेश यादव ने घोषणा की कि टॉप करने वाले विद्यार्थियों की एक वर्ष की फीस लौटाई जाती है। मुख्य अतिथि सुधीर कुमार ने कहा कि कम अंक से भविष्य नहीं तय होता। सफलता के लिए आत्मबल जरूरी है। मौके पर अजीत कुमार, प्रमोद कुमार, वर्षा रानी, दीप ज्योति सिंह, रिशु कुमार, राम अवतार यादव, इंजीनियर दीपक कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**टॉप 10 विद्यार्थी**

| | |
|---|---|
| रिया गुप्ता | 94.6% |
| निखिल कुमारी | 93.6% |
| चांदनी कुमारी | 93.4% |
| नीलम कुमारी | 92.8% |
| गौतम कुमार | 92.8% |
| खुशी कुमारी | 92.6% |
| नीतू कुमारी | 92.2% |
| शिवम कुमार | 91.8% |
| अनुप्रिया कुमारी | 90.8% |
| अभिमन्यु यादव | 90.8% |

## पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन हो गया। वे रांची के मेडिका अस्पताल में इलाजरत थे। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार राजहरा गांव की लब्जी नदी के तट पर किया गया, जहाँ उनके पुत्र अभिषेक पांडेय ने मुखाग्नि दी। पूर्व विधायक स्व. पांडेय का जीवन स्वच्छ छवि और विवाद-मुक्त रहा। वे पलामू के लोकप्रिय नेता स्व. सूरत पांडेय के पुत्र थे, जिनकी पहचान बिहार से पश्चिम बंगाल तक थी। अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और ग्रामीण शामिल हुए। भाजपा नेता डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने उन्हें शांत स्वभाव का अभिभावक बताया। रेडक्रॉस उपाध्यक्ष आलोक कुमार पाठक ने इसे व्यक्तिगत क्षति बताया। उपस्थित प्रमुख लोगः बैजनाथ तिवारी, कामख्या नारायण पांडेय, धनंजय पांडेय, विवेकानंद पांडेय, डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रेखा चंद्रवंशी, मंदीप चंद्रवंशी, अनिमेष पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, और कई अन्य।

### 980 में बने थे पहली बार गढ़वा विधायक

पूर्व विधायक स्व. युगल किशोर पांडेय ने 1980 में कांग्रेस पार्टी से गढ़वा विधानसभा का चुनाव जीतकर राजनीति में प्रवेश किया। वे पहले संवेदक थे, लेकिन विधायक बनने के बाद ठेकेदारी छोड़ दी और पूरी तरह समाजसेवा को समर्पित हो गए।

शिक्षा क्षेत्र में भी दिया योगदान झ्र खोला डिग्री कॉलेज विधायकी कार्यकाल के दौरान उन्होंने 1983 में गढ़वा में अपने पिता के नाम पर ह्यसूरत डिग्री कॉलेजह्ण की स्थापना की। यह कॉलेज आज गढ़वा के प्रमुख कॉलेजों में गिना जाता है। कॉलेज कर्मचारी पंकज पांडेय उर्फ छोटू ने बताया कि 1990 के चुनाव में जब भाजपा प्रत्याशी गोपीनाथ सिंह की गाड़ी पंचर हुई, तो युगल किशोर पांडेय ने उन्हें अपनी गाड़ी का टायर दे दिया और साथ रुके रहे। यह घटना उनके मानवीय मूल्यों और सद्भावना का उदाहरण है। वर्तमान राजनीति में यह नैतिकता एक प्रेरणास्पद उदाहरण है।

## श्री महावीर मंदिर का दूसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** मेन रोड स्थित दुबेजी गोला परिसर में निर्मित श्री महावीर मंदिर का दूसरा वार्षिकोत्सव समारोह सोमवार को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। मुख्य आचार्य पंडित रविकांत दुबे के सान्निध्य में भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चना कर भगवान महावीर से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूजन के उपरांत दोपहर में विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा श्रद्धालु कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से सभी के लिए साफ-सुथरे और व्यवस्थित ढंग से भोजन वितरण की व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं में संतोष और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। भंडारे के पश्चात संध्या में भक्ति संगीत और हरि-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें चंदवा सहित आस-पास के क्षेत्रों से आईं कीर्तन मंडलियों और कलाकारों ने भाग लिया। भक्ति जागरण की शुरूआत भगवान महावीर की वंदना और भजन से हुई, जो देर रात तक भक्तों को भक्तिरस में सराबोर करता रहा। भक्तजन ताली और झांझ-मंजीरे के साथ कीर्तन में झूमते नजर आए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्री महावीर मंदिर समिति के सदस्य संजय दुबे, अजय बैध, संजीव आजाद, विकास मित्तल, उत्कर्ष दुबे, मोहनीश कुमार, सन्नी दुबे समेत अन्य सहयोगियों ने विशेष भूमिका निभाई।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष बनाए गए तौकीर आलम



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के भगत सिंह चौक स्थित राजद कार्यालय में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी विश्वनाथ राम ने की। सर्वसम्मति से तौकीर आलम को राष्ट्रीय जनता दल का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तौकीर आलम ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे और प्रखंड में पार्टी को और मजबूत बनाएंगे। मौके पर मनोज सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, प्रभात यादव, सूरज यादव, इसरत अंसारी, आफताब आलम, अरविंद राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों को किया गया समापक राशि का भुगतान





नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सोमवार को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह मई -2025 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री उदय सिंह मीना रहे। आज डीडीयू मंडल के कुल 21 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल - 7,58,96,376/- रुपए का समापक भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं समृद्ध जीवन की कामना की। रेल प्रशासन के भविष्य में सेवानिवृत कर्मियों की सेवा में तत्पर रहने की बात कही गई। सभी को मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। समारोह में मंडल के विभिन्न उच्च अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी उपस्थित रहे।

**किसानों ने बारिश की अनिश्चितता के बीच अपनाया सोलर सिंचाई का विकल्प, लहलहा रही गर्मा फसलें**

## मौसम की मार से जूझते किसानों को सोलर पैनल ने दी राहत



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** मौसम की आंख मिचौली और नक्षत्र अनुसार समय पर बारिश नहीं होने से जहां किसान चिंतित हैं, वहीं मोहम्मदगंज प्रखंड के कुछ जागरूक किसानों ने सोलर पैनल के सहारे सिंचाई की व्यवस्था कर खेती को न सिर्फ बचा लिया है, बल्कि एक प्रेरणादायक मिसाल भी कायम की है। रामनगर गांव में किसान रामजन्म राम, कामता मेहता, शंकर मेहता व उनके परिवार ने अपने खेतों में सोलर पैनल स्थापित कर सिंचाई के लिए स्थायी और भरोसेमंद समाधान तैयार किया है। इस तकनीक से न केवल बिजली की जरूरत पूरी हो रही है, बल्कि निर्बाध सिंचाई से गर्मा फसलें जैसे मूंग, मूंगफली और मक्का भी अच्छे से लहलहा रही हैं। किसानों का कहना है कि अच्छी बारिश नहीं होने के बावजूद इन फसलों की स्थिति संतोषजनक है। किसानों ने बताया कि मृगशिरा नक्षत्र में धूप-छांव का माहौल और आर्द्रा नक्षत्र में बारिश की कमी से यह संकेत मिल रहा है कि मानसून के आगमन में अभी देरी हो सकती है। मौसम विभाग ने भी मानसून के आगमन में लगभग 10 दिनों की देरी की संभावना जताई है। इससे खेती-किसानी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सोलर पैनल से सिंचाई की शुरूआत कर चुके किसानों का कहना है कि अब खेती पूरी तरह मौसम पर निर्भर नहीं रही। आधुनिक तकनीक के सहारे उन्होंने खेती को आत्मनिर्भर बना लिया है। इस पहल से अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं और सोलर सिंचाई को अपनाने पर विचार कर रहे हैं।

### मौसम का अस्थिर मिजाज बना चिंता का कारण

किसानों ने बताया कि वर्तमान में मौसम का मिजाज आदमी और जानवर दोनों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। कभी घनघोर बादल तो कभी चटक धूप के कारण स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। इससे मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, ऐसा मौसम गर्मा फसलों के लिए उपयुक्त है और जिन किसानों ने सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन अपनाए हैं, वे इसका लाभ उठा पा रहे हैं।

### 'भगवान भरोसे खेती अब जुए की तरह'

किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि बदलते मौसम चक्र के कारण खेती अब भगवान भरोसे जुआ खेलने जैसा हो गया है। कभी अतिवृष्टि, कभी अनावृष्टि तो कभी छायावृष्टि ने किसानों को संकट में डाल दिया है। ऐसे में सोलर तकनीक ही एकमात्र व्यवहारिक उपाय बनता जा रहा है।

## तकनीकी शिक्षा के लिए 8 जून को स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** पत्रकार सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस की ओर से 8 जून को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के तीन विद्यालयों में स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए संस्था प्रमुख के. विश्वा ने बताया कि यह परीक्षा सीता उच्च विद्यालय (हरिहरगंज), बक्सी उच्च विद्यालय (हुसैनाबाद) और उत्क्रमित उच्च विद्यालय (हैदरनगर) में सुबह 8 से 10 बजे तक ली जाएगी। इसमें स्थानीय मैट्रिक और इंटर पास विद्यार्थी आधार कार्ड व मार्कशीट की फोटोकॉपी के साथ शामिल हो सकते हैं। 105 विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी।

# छतरपुर हाइवा आगजनी कांड का उद्भेदन, पांच अपराधी हथियार व बाइक के साथ गिरफ्तार

- रंगदारी वसूलने के इरादे से दिया गया था घटना को अंजाम, गिरोह के कई सदस्य अब भी फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में दो हाइवा वाहनों को आग के हवाले करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। विशेष अनुसंधान दल (SIT) ने कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को लोडेड हथियार, जिंदा कारतूस और तीन मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इन अपराधियों ने एक संगठित गिरोह बनाकर माइंस, क्रशर संचालकों और ट्रांसपोर्टरों से रंगदारी वसूली की योजना बनाई थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, तीन मोटरसाइकिल और 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह पहले भी नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में इसी तरह की घटना को अंजाम दे चुका है।

गिरफ्तार अपराधियों में विकास उरांव, मो. याद अली उर्फ सोनू, पंचम पुजारी, सकेन्द्र उरांव और जमशेद आलम शामिल हैं। इन पर पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बाकी फरार अपराधियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा है कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पांकी में सोलर प्लेट चोरी का खुलासा तीन गिरफ्तार, चार प्लेटें बरामद

- पुलिस ने डंडार कला गांव से चोरी गई चारों सोलर प्लेट बरामद की
- विशेष टीम की कार्रवाई में तीन आरोपी पकड़े गए, शेष की तलाश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी (पलामू)।** पांकी थाना क्षेत्र के डंडार कला गांव में सोलर प्लेट चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने चोरी गई चारों सोलर प्लेटें बरामद कर ली हैं।

ग्राम डंडार कला निवासी संतोष कुमार के आवेदन पर 29 मई को पांकी थाना में कांड संख्या 72/25 दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक, पांकी अंचल के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था।

छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त विकास कुमार (ग्राम निमाचक), दीपक कुमार (ग्राम निमाचक) और चंदन कुमार (ग्राम सेहदा, थाना लावालोंग, चतरा) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस ने चारों चोरी गई सोलर प्लेटें भी बरामद कर ली हैं। वहीं अन्य संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है।

छापामारी दल में पांकी अंचल के पु.नि. पूनम टोपो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, स.अ.नि. सुरेन्द्र राम, आरक्षी आशीष कुमार यादव, सुदामा राम सहित थाना रिजर्व गार्ड व क्यूआरटी के सशस्त्र बल शामिल थे।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को दें।

## रेड़मा में फेज-2 पेयजल योजना कार्य की अनियमितता पर हम पार्टी ने जताया रोष

- जल्द ही नगर आयुक्त और उपायुक्त से की जाएगी शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर। शहर में संचालित पेयजलापूर्ति योजना फेज-2 के तहत किए जा रहे कार्यों में अनियमितता और इससे मोहल्लेवासियों को हो रही परेशानियों को लेकर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी और जिला महासचिव भरत कुमार द्विवेदी ने सोमवार को रेड़मा मोहल्ला का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कार्य कर रही एजेंसी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने के लिए पीसीसी सड़क को बिना समुचित योजना के काट दिया गया है, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क पर मलबा और मिट्टी फैला दिए जाने के कारण मोहल्लेवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कई स्थानों पर मिट्टी का ढेर लगा हुआ है, जिससे बरसात में जलजमाव की स्थिति बन सकती है। नेताओं ने कहा कि काम कर रही एजेंसी को आम लोगों की तकलीफों की कोई परवाह नहीं है। इस मुद्दे को लेकर नगर आयुक्त और जिला उपायुक्त से जल्द ही मिलकर लिखित शिकायत की जाएगी और एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी और किसी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अधिवक्ता संघ भवन के लिए मिट्टी जांच शुरू भवन निर्माण की प्रक्रिया को मिली गति

- अजय पांडेय की पहल पर रांची से टीम ने की जांच, संघ भवन निर्माण को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** अधिवक्ता संघ पलामू के नए भवन निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए रविवार को रांची से आई तकनीकी टीम ने भवन निर्माण के लिए स्थल की मिट्टी की जांच की। यह पहल अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय की ओर से की गई, जिसके तहत झारखंड भवन निर्माण विभाग की टीम संघ परिसर पहुंची। मिट्टी जांच का यह कार्य शशि भूषण प्रसाद (फील्ड इंचार्ज) के नेतृत्व में तकनीशियन टीम द्वारा किया गया।

टीम ने संघ परिसर से मिट्टी के सैंपल लेकर उसे परीक्षण के लिए भवन निर्माण विभाग को सौंपने की जानकारी दी। इस परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर नए भवन की नींव और संरचना का निर्धारण किया जाएगा। यह प्रक्रिया भवन निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति और प्रारंभिक औपचारिकताओं का हिस्सा है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना है।

इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि नया भवन अधिवक्ताओं की वर्षों पुरानी मांग रही है। हमारी कोशिश है कि इस कार्य को बिना किसी बाधा के तय समयसीमा में पूरा कराया जाए। मिट्टी जांच प्रक्रिया की शुरुआत इस दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने आगे कहा कि अधिवक्ता संघ को एक सुसज्जित और व्यवस्थित भवन की आवश्यकता है, ताकि वकालत करने वाले साथियों को बेहतर वातावरण मिल सके। भवन निर्माण विभाग की सक्रियता और तकनीकी टीम का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि आगे की प्रक्रियाएं भी शीघ्रता से पूरी की जाएं।

मौके पर सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, अधिवक्ता राजेश सिंह, विनय सिंह, संयुक्त सचिव-सह लाइब्रेरियन संतोष तिवारी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे। सभी ने भवन निर्माण की इस प्रक्रिया पर संतोष जताया और संघ की ओर से आगे भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विधायक से हुई वार्ता



**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर एकेडमी प्रतिनिधियों ने गढ़वा विधायक सत्येंद्र तिवारी से मुलाकात की। वार्ता में झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह एकेडमी महासचिव सतीश कुमार तथा गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा शामिल थे। विधायक तिवारी ने प्रतियोगिता के पलामू प्रमंडल में आयोजन को गौरव की बात बताते हुए इसके सफल संचालन में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चेरो वंश के शासक राजा मेदिनीराय की स्मृति में शाहपुर स्थित चलानी किला परिसर में प्रतियोगिता का आयोजन पलामू की ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने जैसा है।

प्रतियोगिता में तीरंदाजी, कराटे, मार्शल आर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। एकेडमी का उद्देश्य पारंपरिक कला-कौशल को ग्रामीण व शहरी युवाओं तक पहुँचाना और महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना है। आयोजन की तैयारी पूरे प्रमंडल में की जा रही है।

## छः मुहान चौक पर वाहनों की जांच, 13 दोपहिया वाहन जब्त




**मेदिनीनगर।** छः मुहान चौक पर सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालकों के पास हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं पाया गया। नियम उल्लंघन के मामले में 13 दोपहिया वाहन जब्त कर उन्हें शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। जब्त वाहनों को चालान और फाइन की कार्रवाई के लिए जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया। दिनांक 02 जून 2025 को कार्यालय से कुल 12 दोपहिया वाहनों का चालान प्राप्त हुआ, जिसकी कुल राशि 14,450 रुपये बताई गई है। यातायात पुलिस ने बताया कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व विधायक युगल किशोर पांडे को पलामू कांग्रेस कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडे का निधन रविवार को रांची स्थित मेडिका अस्पताल में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे अंतिम दर्शन के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के मेदिनीनगर स्थित कार्यालय लाया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी कार्यालय में पार्टी का ध्वज अर्पित कर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि युगल किशोर पांडे के निधन से कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है। वे जमीन से जुड़े नेता थे और सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनका मार्गदर्शन हमेशा पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलता रहा। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, दीनानाथ तिवारी, श्याम नारायण सिंह, विमला कुमारी, सत्य दुबे, शमीम अहमद राईन, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शैलेश चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, नसीम खान, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नफीस खान, सुधीर सिन्हा, सोनू सिंह, मिट्ठू खान समेत कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## नगर क्षेत्र में फेज-2 पेयजल योजना में अनियमितताओं पर परशुराम ओझा ने उठाए सवाल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर क्षेत्र में चल रही पेयजल आपूर्ति योजना फेज-2 के कार्यों में अनियमितताओं को लेकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने उपायुक्त को पत्र सौंपते हुए कई गंभीर बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता का अभाव है और इससे आम नागरिकों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पत्र के माध्यम से परशुराम ओझा ने बताया कि वे वर्ष 1995 से जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयास से पहले चरण में शहर के कई इलाकों तक पानी की आपूर्ति संभव हुई थी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में नगर क्षेत्र में चार जलमीनारें बनाई गईं और पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन जैकवेल फेल हो जाने के कारण योजना अधूरी रह गई। बाद में तत्कालीन उपायुक्त के सहयोग से पाइपलाइन और सप्लाई व्यवस्था को पुनः चालू कराया गया।

द्वितीय चरण को लेकर उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में योजना की शुरुआत हुई, लेकिन कार्य आरंभ करने से पहले जलस्रोत की व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने मांग की कि कंपनी द्वारा कोयल नदी में जैकवेल का कार्य पहले पूरा किया जाना चाहिए, ताकि सप्लाई व्यवस्था मजबूत हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि नगर क्षेत्र में कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां पहले से पानी की आपूर्ति हो रही है, फिर भी वहां दोबारा पाइप बिछाए जा रहे हैं। जबकि जिन मोहल्लों में आज भी जल आपूर्ति नहीं हो रही, वहां पाइपलाइन नहीं डाली जा रही है। उन्होंने कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मांग की कि पाइपलाइन बिछाने से पहले सार्वजनिक स्थानों पर कार्य का नक्शा और जानकारी होर्डिंग के माध्यम से साझा की जाए।

पत्र की प्रतिलिपि नगर निगम आयुक्त, डाल्टनगंज विधायक, पलामू सांसद और विपक्ष के नेता को भी प्रेषित की गई है।

परशुराम ओझा ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि फेज-2 के कार्यों की जांच कराई जाए और नगर क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र, पारदर्शी और व्यवस्थित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# सांस्कृतिक पाठशाला की 72वीं कड़ी हिंदी पत्रकारिता दिवस को समर्पित

- बदलती पत्रकारिता व संवेदनशीलता के संकट पर हुआ संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांस्कृतिक पाठशाला की 72वीं कड़ी में हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर "हिंदी पत्रकारिता और हम" विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बदलती पत्रकारिता, उसके मूल्यों और संवेदनशीलता के घटते स्तर पर गंभीर विमर्श हुआ।

वरिष्ठ पत्रकार व पत्रकारिता विभाग के संकाय सदस्य संजय कुमार पांडे ने कहा कि पत्रकार होने के लिए संवेदनशील होना आवश्यक है। स्वतंत्रता संग्राम के समय पत्रकारिता जनभावनाओं से जुड़ी थी और समाचारों को आपसी सहयोग से साझा किया जाता था। लेकिन आज, सुविधाएं बढ़ने के बावजूद पत्रकारिता की आत्मा कहीं खोती जा रही है। बिना गहराई से पढ़े खबरें भेज दी जाती हैं, जिससे संपादकों की चुनौती बढ़ गई है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार पांडे और राष्ट्रीय नवीन मेल के संपादक राणा अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से की।

अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव के. डी. सिंह ने कहा कि पूंजीवाद के इस दौर में पत्रकारिता भी दिशा से भटक रही है, हालांकि कुछ पत्रकार आज भी ईमानदारी से काम कर रहे हैं, जिन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

कुलदीप राम ने युवाओं में ऊर्जा की बात करते हुए कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के चलते वे निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता नहीं कर पा रहे हैं, जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

इप्टा के जिला सचिव रवि शंकर ने पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि पहले पत्रकार समाज और सरकार के बीच सेतु का काम करते थे, लेकिन अब यह भूमिका कमजोर होती जा रही है।

इप्टा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने पत्रकारिता को समाज का आईना बताया और कहा कि आजादी के बाद देश के विकास में पत्रकारिता की सजग भूमिका रही है, लेकिन आज इसमें गिरावट स्पष्ट दिखती है।

प्रेम प्रकाश ने कहा कि पहले की पत्रकारिता आजादी के लिए थी और आज की पत्रकारिता लोकतंत्र के लिए होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मीडिया कॉर्पोरेट घरानों के अधीन होता जा रहा है, तब 'जनता की पत्रकारिता' कैसे संभव होगी?

अध्यक्षीय संबोधन में राणा अरुण सिंह ने कहा कि विषय गंभीर है, लेकिन समाज की उदासीनता चिंता का विषय है। जिस प्रकार नदियां प्रदूषित हो रही हैं, उसी तरह पत्रकारिता भी प्रदूषण का शिकार हो रही है। जब तक पत्रकार फील्ड में नहीं उतरेंगे, तब तक आम लोगों की समस्याएं सामने नहीं आ सकेंगी। उन्होंने हर माह पत्रकारिता की स्थिति पर संवाद और मूल्यांकन की जरूरत बताई।

कार्यक्रम का संचालन राणा अरुण सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रवि शंकर द्वारा दिया गया।

मौके पर शशि पांडे, संजीव कुमार संजू, हेमंत कुमार दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कर्मियों के भुगतान को लेकर कुलपति का विवादित बयान, झारखंड छात्र मोर्चा ने उठाई आवाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को लेकर कुलपति द्वारा दिए गए बयान पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कुलपति ने कर्मियों को आश्वस्त किया कि जनवरी 2024 से मई 2024 तक का भुगतान किया जाएगा, जबकि जून 2024 से जिनके कहने पर काम किया गया, उनसे ही भुगतान की मांग करने की बात कही गई।

कुलपति के इस बयान से कर्मियों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि कुलपति ने यहां तक कहा कि उनके घर जाकर धरना दीजिए, उनसे पैसा मांगिए।

इस मुद्दे को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा ने कर्मियों के समर्थन में आवाज उठाई है। शुभम तिवारी, पंकज कुमार, सूर्यकांत तिवारी, रविप्रकाश ठाकुर, अंकित उपाध्याय, विकास कुमार, संदीप कुमार, राहुल कुमार, ताराचंद प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह, संजय राम, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, शशि देवी, सरोज देवी, पूनम देवी, चंपा देवी, सोनी देवी, रिंकी देवी और लवली सिंह सहित अन्य कर्मियों ने छात्र मोर्चा का आभार जताया है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पेंशन अदालत सह सेवानिवृत्ति शिक्षकों के लिए विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से संबंधित सभी लाभ उनके रिटायरमेंट के दिन से ही प्रदान कर दिए गए। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते, उनका अनुभव समाज के लिए सदैव उपयोगी बना रहता है।

सम्मानित शिक्षकों में रामनारायण राम, राम अश्रेय राम, कमली कुमारी, श्यामदेव महतो, गोरखनाथ पांडेय, आशारानी शुक्ला, सदरुदीन ख़ाँ, रश्मि माला, निशा गुप्ता और रामचंद्र राम शामिल रहे। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कार्यरत शिक्षकों के लिए बना प्रेरणा : अर्पण

**सतबरवा।** पलामू समाहरणालय सभागार में आयोजित पेंशन अदालत सह सम्मान समारोह में 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सतबरवा के विज्ञान शिक्षक अर्पण कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यरत शिक्षकों के लिए ऊर्जा का स्रोत होते हैं, जिससे उनमें नई स्फूर्ति आती है और वे उत्साहपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने इसे शिक्षक समुदाय के मनोबल को बढ़ाने वाली पहल बताया। मौके पर शिक्षक संघ सतबरवा के सदस्य भरदुल कुमार सिंह, विजेंद्र कुमार, निखिल कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, विद्या कुमारी सनई, सुनीता कुमारी, अनुजीत कुमार, अभिषेक कुमार, रविरंजन कुमार, शिवशंकर प्रसाद, मो. शोएब समेत अन्य शिक्षकों ने उपायुक्त समीरा एस का आभार जताया। साथ ही, शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले की शैक्षणिक प्रगति निरंतर हो रही है और शिक्षकों के लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन हो रहा है।

# गढ़वा शहर की 6 समेत जिले से 9 मिठाई दुकानों पर 1.90 लाख रुपये जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को लेकर गढ़वा जिले की 9 मिठाई दुकानों पर कुल 1 लाख 90 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई अपर समाहर्ता-सह-न्याय निर्णयन पदाधिकारी राज महेश्वरम द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत की गई। जारी आदेश में बताया गया कि विभिन्न 9 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 5 सबस्टैंडर्ड, 1 मिसब्रांडेड और 3 एक्सट्रानियस मैटर श्रेणी के मामले शामिल थे। जिन खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में दोषपूर्ण पाए गए, उनमें इंडिया गेट बेसन, बूंदी लड्डू, पेड़ा, बर्फी, बेसन लड्डू, मूंगफली चिकी और सोनपापड़ी शामिल हैं। जिन प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया है, उनमें गढ़वा शहरी क्षेत्र के 6, नगर उंटारी, रमना और लगमा के 1-1 प्रतिष्ठान शामिल हैं। सभी दुकानों को चालान के माध्यम से राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज एवं प्रधान सहायक प्रमोद कुमार पांडेय उपस्थित थे।



## बेलचंपा में रकर प्रशिक्षण केंद्र पर सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय और रकर लिमिटेड के एमओयू के तहत देश के 244 जिलों में सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी क्रम में झारखंड के बेलचंपा स्थित रकर प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को प्रथम बैच की ट्रेनिंग शुरू हुई। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट संतोष यादव, इंस्पेक्टर सूरज कुमार, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रोविजनल डीएसपी श्रीमान मंडल, वाइस प्रेसिडेंट अमिया शंकर, कम्युनिकेशन मैनेजर आस्था माथुर सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। ट्रेनिंग में आपातकालीन स्थितियों, केमिकल फायर, रेस्क्यू, फर्स्ट एड आदि की जानकारी दी जाएगी। 3 लाख से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### कृषक मित्र अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बड़गड़।** प्रखंड के कृषक मित्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इस संबंध में उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रभारी प्रधान सहायक हिमांशु पंडित ने ज्ञापन प्राप्त किया। कृषक मित्रों ने ज्ञापन में बताया कि वे राज्य और जिला नेतृत्व के निदेशानुसार, बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने और अन्य मांगों के पूरा न होने के कारण हड़ताल पर जाने को विवश हैं। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल से कृषि योजनाओं और कार्यों पर प्रभाव पड़ेगा। मौके पर कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, आलोईस कुजूर, राजेश बाखला, देवनिस खलखो, आनंदीप गिद्ध, आनंद लकड़ा, विकास मुंडा, सत्यानंद बाखला आदि उपस्थित थे।

### मुखिया पर आरोप: डोभा योजना में वसूली और अनियमितता का आरोप

**धुरकी।** टाटीदीरी पंचायत के वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों ने सोमवार को लोकपाल को आवेदन देकर मुखिया पर डोभा योजना में 20 से 25 हजार रुपए तक की वसूली करने, एक ही काजकरनी से कई योजनाएं संचालित करने और बिना मजदूरों के कार्य दिखाकर फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी कर्मियों को बिना पैसे के कलम नहीं चलती, मास्टर रोल पर भी 5% कमीशन लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त के निर्देश की अवहेलना करते हुए नए कार्य आरंभ करने का भी आरोप लगाया। मौके पर मुखिया पति निरंजन साह समेत कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे। वहीं, मुखिया ने आरोपों को निराधार बताया और बीपीओ से संपर्क नहीं हो सका।

### खरौंधी में शांति समिति की बैठक, सौहार्द्र से पर्व मनाने का आह्वान

**खरौंधी।** बकरीद पर्व के मद्देनजर सोमवार को खरौंधी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रविंद्र कुमार ने की, जबकि अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा और थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी भी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में अब तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी। प्रशासन ने लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने और किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत सूचना देने की अपील की। बैठक में देवदत्त प्रसाद आर्य, राजकेश्वर यादव, जगन्नाथ पाल, रामगहन मेहता, कलीम अंसारी, शशि कुमार पासवान, जाफर इमाम, जाकिर हुसैन समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने किया पंचायत दौरा



**खरौंधी।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता भानु प्रताप शाही ने सोमवार को कूपा, अरंगी, सिसरी और करीवाडीह पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने कार्यकताओं से संवाद करते हुए उन्हें निष्ठा के साथ पार्टी कार्य में लगे रहने की अपील की। साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग देने का आश्वासन दिया। करीवाडीह के चिलहीया खोता गांव में उन्होंने बीमार ग्रामीणों कुलदीप ठाकुर, नगीना ठाकुर, मूर्ति देवी आदि से मिलकर हालचाल जाना और कुलदीप ठाकुर के इलाज की व्यवस्था रांची में कराने का भरोसा दिया। इस दौरान भाजपा नेता उपेंद्र दास, संध्याकर विश्वकर्मा, मंशा देवी, ललू ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक, भाईचारे से पर्व मनाने की अपील



**कांडी।** थाना परिसर में सोमवार को ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अविनाश राज ने की। थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाया जाए। नमाज स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से अपील की कि कुबार्नी के अवशेष को उचित तरीके से मिट्टी में दबाएं। बैठक में एसआई विद्यासागर प्रसाद, जूली टुड्डू, रौशन राम, एएसआई रघुवंश महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मझिआंव थाना में शांति समिति की बैठक आज शाम

**मझिआंव।** बकरीद पर्व की शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मझिआंव थाना परिसर में आज शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। 7 जून को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा को लेकर यह बैठक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम नागरिकों से बैठक में समय पर उपस्थित होकर सौहार्द्र बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

## वारंटी की तलाश में सक्रिय हुई चिनिया पुलिस, आरोपी के घर चस्पा किया इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के एक पुराने गंभीर मामले में फरार आरोपी राजू भुइयां की गिरफ्तारी के लिए चिनिया पुलिस सक्रिय हो गई है। सोमवार शाम पुलिस ने आरोपी के ग्राम लवाही स्थित घर पर न्यायालय से निर्गत धारा 82 के तहत इश्तेहार चस्पा किया। थाना प्रभारी अमित कुमार के निर्देश पर एएसआई काशिद हुसैन के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने चेतावनी दी है कि आरोपी अगर नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होता, तो उसकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। जनता से अपील की गई है कि यदि आरोपी के बारे में कोई सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। यह कार्रवाई संकेत है कि पुलिस अब पुराने मामलों में भी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है।

### सरकारी चपाकल दिलवाने के नाम पर महिला से 15 हजार की ठगी

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के नावाडीह टोला निवासी गीता देवी से एक अज्ञात व्यक्ति ने सरकारी चपाकल लगाने के नाम पर 15 हजार रुपए ठग लिए। महिला के अनुसार, आरोपी ने उनके नाम से सोलर पंप और चपाकल स्वीकृत होने का झांसा दिया और ग्राहक सेवा केंद्र से खाते से रुपए निकलवाकर फरार हो गया। बाद में संपर्क करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। महिला ने पुलिस प्रशासन से ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भवनाथपुर में पशु टीकाकरण को लेकर बैठक, चिकित्सक ने दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सोमवार को भवनाथपुर पशु अस्पताल में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सतेंद्र नारायण सिंह ने मैत्री कार्यकताओं के साथ बैठक की और एफएमडी व लंपी स्कीन बीमारी के खिलाफ चल रहे टीकाकरण अभियान को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान 19 मई से 17 जुलाई तक चलेगा और सभी पशुपालकों को अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराना चाहिए। बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में रंजीत प्रसाद सिंह, कृष्णा यादव, अर्जुन कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हेताड़कला में आदिवासी युवक की मृत्यु के बाद स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** हेताड़कला गांव में आदिवासी युवक की आकस्मिक मृत्यु के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी के निर्देश पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला। शिविर में प्राथमिक उपचार, संक्रामक रोगों की जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता का कार्य किया गया। शिविर के दल में डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. कृष्णा कुमार, अशोक कुमार, विभूति तिवारी सहित 9 सदस्य शामिल थे। यह शिविर राज्य सरकार की आदिवासी समुदाय के प्रति स्वास्थ्य प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## नवीन मेल इम्पैक्ट: जांच के समय नहीं मिले बाल मजदूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया और बड़गड़ क्षेत्र के केंदु पत्ता संग्रहण केंद्रों में बाल मजदूरी की खबर प्रकाशित होने के एक सप्ताह बाद श्रम अधीक्षक की टीम सोमवार को नौका स्थित केंद्र की जांच करने पहुंची। टीम को मौके पर कोई बाल मजदूर नहीं मिला, क्योंकि केंदु पत्ता खरीदारी का सीजन समाप्त हो चुका है और बारिश के कारण कार्य ठप है। श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने बताया कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण बाल मजदूरी की पुष्टि नहीं हो सकी, हालांकि वे बीच में फिर से जांच करेंगे। गौरतलब है कि 26 मई को इस मामले की खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। अब अधिकारियों का देर से पहुंचना जांच की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े करता है।

## बकरीद पर्व को लेकर मेराल में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बकरीद पर्व के मद्देनजर सोमवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीओ जसवंत नायक ने की। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोगों ने भाग लिया। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि बकरीद पर्व प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने अपील की कि किसी भी प्रकार की आशंका या विवाद की स्थिति में तुरंत थाना प्रभारी या उन्हें सूचित किया जाए। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि सभी ईदगाहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने आगाह किया कि यदि कोई शरारती तत्व पर्व में व्यवधान डालने की कोशिश करता है, तो पुलिस तत्परता से कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट से बचने की भी अपील की गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो समेत कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। बैठक के अंत में बीते दिनों वज्रपात की घटना में विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन के पुत्र तरुण कुमार देव की असमय मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों में मुखिया मनदीप सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, समाजसेवी जफिर अंसारी, खालिद अंसारी, उप मुखिया नजीब अंसारी, प्रेम प्रकाश पांडेय, संजय कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### ईमानदारी की मिसाल: अमरेन्द्र कुमार ने खोई हुई घड़ी लौटाकर पेश की नजीर

**रंका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उ्छरअ), गढ़वा से जुड़े पीएलवी और समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार ने एक ईमानदारी भरा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने एक कीमती टाइटन सोनाटा घड़ी, जिसे किसी ने गलती से रंका कला स्थित हैंडपंप के पास गिरा दिया था, उसके असली मालिक को सौंप दिया। घड़ी के मालिक अजय चौरसिया, जो मूकबधिर हैं, ने इशारों में आभार जताया और कहा कि यह घड़ी उनके लिए अत्यंत कीमती थी। इस ईमानदारी की सराहना करते हुए पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने अमरेन्द्र कुमार को सम्मानित करने की मांग जिला सचिव निभा रंजन लकड़ा से की है।

## विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने मेधावी छात्र को सम्मानित कर दीं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

# गढ़वा जिले के इंटर विज्ञान टॉपर प्रभात कुशवाहा को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में गढ़वा जिला टॉपर बने प्रभात प्रसाद कुशवाहा को विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने सम्मानित किया। झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में गोविंद इंटर कॉलेज, मेराल के छात्र प्रभात प्रसाद कुशवाहा ने 458 अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने अपने कक्ष में प्रभात को सम्मानित करते हुए कहा कि वह एक मेधावी छात्र हैं, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा में भी प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त किया था। इस बार इंटर में जिला टॉपर बनकर इन्होंने पंचायत, प्रखंड और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने प्रभात के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लगातार इसी तरह आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, राजेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि जगजीवन राम, ज्ञान कुमार चौबे, एसबी अकादमी स्कूल के निदेशक मदन यादव, वीरेंद्र चौधरी, देवव्रत कुमार, रामकुमार महतो, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।


**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–02/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 02.06.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Multi Purpose Centre (MPC) in Village Hendehas of Block Barwadih under Latehar District. | 59,94,700.00 | 06 (Six) Months |
| 2 | Construction of Multi Purpose Centre (MPC) in Village Rewatkhurd of Block Manika under Latehar District. | 59,94,700.00 | 06 (Six) Months |
| 3 | Construction of Multi Purpose Centre (MPC) in Village Nareshgarh of Block Latehar under Latehar District. | 59,94,700.00 | 06 (Six) Months |
| 4 | Construction of Multi Purpose Centre (MPC) in Village Kone of Block Latehar under Latehar District. | 59,94,700.00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/06/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 16/06/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 17/06/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.354110 Building(25-26):D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2025–26

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.06.2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 12.06.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 12.06.2025 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी:–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road from main road Vaya house of Lalit Ram to house of Pradip Ram in ward no 03 | 975200 | 5000 | 19600 | 30 Days |
| 02 | 04 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road from Ramlal Ram house to Chandradev Ram house & Sanjay Ram house to Bodhan Ram house, at ward no 04 Under NPM | 517800 | 5000 | 10500 | 30 Days |
| 03 | 06 | शहरी परिवहन मद | Repairing of PCC road from Pull to Purushottam Kirana dukan at ward no 06, Nagar Panchayat Manjhiaon | 520800 | 5000 | 10500 | 30 Days |
| 04 | 04 | नागरिक सुविधा मद | Construction Of RCC drain with Slab from house of Rajendra Tiwary to House of Anil Pathak ward no 04 Under NPM. | 507000 | 5000 | 10200 | 30 Days |
| 05 | 07 | नागरिक सुविधा मद | Construction of RCC drain with Slab house of Naresh Ram (Handpump) to house of Sanjay Ram, At ward no 07 under Nagar Panchayat Manjhiaon. | 951818 | 5000 | 19100 | 30 Days |
| 06 | 07 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 07 from Mashudan Vishwkarma to high mast light (Transformer) (via Bharat Chaudhary house) | 939655 | 5000 | 18800 | 30 Days |
| 07 | 09 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 09 from main road to Sanjay Pandey house | 671963 | 5000 | 13500 | 30 Days |
| 08 | 11 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road at ward no 11 from Sitaram Chaudhary house to Ranjan Chaudhary house (via Chalitra Chaudhary) | 677191 | 5000 | 13600 | 30 Days |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 354091 (Urban Development) 25-26 (D)

बकरीद को लेकर चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

# आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** सोमवार को चंदवा थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने किया।

बैठक में सभी समुदायों के लोगों ने सहभागिता की और चंदवा की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की बात कही। समाजसेवियों ने त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने की मांग की, जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि कोई भी शांति भंग करने वाली गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने सभी से त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की और किसी भी शंका या घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया। बीडीओ चंदन प्रसाद और अंचलाधिकारी ने सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहार मनाने की बात कही।

बैठक में बेतर ओपी प्रभारी किशोर मुंडा, पुअनि राकेश कुमार, समाजसेवी रामयश पाठक, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, हाजी फिरोज अहमद, तिलैयाटांड़ अंजुमन के सदर मो. अब्दाल, कांग्रेस नेता बाबर खान, विनोद गुड्डू, बंटी साहू, इंदुभूषण पाठक, पप्पू सर, अख्तर अंसारी, रोबिन उरांव, मो. अलाउद्दीन, संतोष प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

डीसी व एसपी ने दिए सतर्कता के निर्देश

# बकरीद को लेकर लातेहार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को लेकर विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से की।

उपायुक्त ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को चौकसी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

प्रत्येक अनुमंडल में शांति समिति की बैठक कराने, चौक-चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, और सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

बकरीद के अवसर पर प्रतिबंधित पशुओं के परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश भी दिया गया। विधि व्यवस्था से संबंधित किसी भी घटना की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष और वरीय अधिकारियों को देने को कहा गया है।

पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साइबर सेल सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखेगा। अफवाह या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 06565–247981, मोबाइल 08987796308, साइबर सेल के मोबाइल 6206159795 या 112 पर संपर्क कर सूचना दी जा सकती है।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, लातेहार एसडीओ अजय कुमार रजक, महुआडांड़ एसडीओ बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, नागरिक प्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित थे।

## गर्मी की छुट्टी के बावजूद निजी स्कूल संचालक ने खोला स्कूल, सरकारी गाइडलाइन को किया नजरअंदाज

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के नवादा गांव स्थित कैंब्रियन आवासीय पब्लिक विद्यालय में गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी कक्षाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा घोषित अवकाश के बावजूद स्कूल को खुला रखने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद साहू ने शिक्षा विभाग की गाइडलाइन को दरकिनार करते हुए स्कूल को पुनः खोल दिया। प्रधानाध्यापक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कीवमेंरे पास सरकार की ओर से कोई गाइडलाइन नहीं आई है, इसलिए मैंने अपनी मर्जी से स्कूल खोल दिया है। मुझे स्कूल का किराया और शिक्षकों का वेतन देना होता है, इसलिए स्कूल खोलना जरूरी था। विद्यालय का निरीक्षण करने पर पाया गया कि बच्चे बोरे या गंदे फर्श पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। पूरे परिसर में साफ-सफाई का अभाव देखा गया। विद्यालय में करीब 100 बच्चों का नामांकन है, जिनमें से 10 बच्चे आवासीय हैं। विद्यालय में कार्यरत आठ शिक्षकों में से कुछ ने स्वीकार किया कि उन्हें प्रधानाध्यापक द्वारा बुलाए जाने के बाद ड्यूटी पर आना पड़ा।

## फाइलेरिया रोकथाम के लिए रक्त पट्ट संग्रह अभियान शुरू

**हेरहंज।** जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के निर्देशानुसार हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में 2 जून से 5 जून तक फाइलेरिया की रोकथाम को लेकर रात्रिकालीन रक्त पट्ट संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की जानकारी बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने दी। डॉ. बड़ाइक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया संक्रमण की सटीक पहचान कर समय पर उसका इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव जाकर रात के समय रक्त के नमूने संग्रह करेगी। इसके लिए एमपीडब्ल्यू, एएनएम, जीएनएम समेत स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जलसहिया, वार्ड सदस्यों, मुखिया, बुद्धिजीवियों एवं अन्य विभागीय कर्मियों का सहयोग अपेक्षित है। विशेष रूप से 3 जून को पुरनी हेरहंज पंचायत में अभियान संचालित किया जाएगा।

## चंदवा के सभी पंचायतों में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सभी 17 पंचायतों में सोमवार को मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत वर्ष 2024–25 के लिए पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत संविधान की शपथ दिलाकर की गई, जिसके बाद सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा पंचायतों में हो रहे योजनाओं की गहन जांच की गई। जनसुनवाई के दौरान सामाजिक अंकेक्षण टीम द्वारा ज्यूरी सदस्यों के समक्ष कई मामलों को प्रस्तुत किया गया। इनमें योजना स्थल पर सूचना पट्ट न होना, प्रधानमंत्री आवास योजना में मनरेगा मद से भुगतान न करना, पूर्ण योजनाओं का लाभुकों को भुगतान न होना, योजनाओं में दस्तावेजों की कमी, व बिना स्वीकृत दस्तावेजों के योजनाओं का संचालन जैसे कई गंभीर मुद्दे शामिल थे।

# मगध स्थानीय संवेदक संघ की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

- स्थानीय संवेदकों ने की सीसीएल संविदा में सौ प्रतिशत भागीदारी की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** मगध-संघमित्रा कोल परियोजना के विस्थापित प्रभावित भू-रैयत एवं स्थानीय संवेदकों की एक अहम बैठक रविवार को आरा ग्राम स्थित न्यू जीएम कार्यालय के समीप राजेश साव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परियोजना क्षेत्र के कई गांवों के भू-रैयत एवं दर्जनों संवेदक शामिल हुए। बैठक में सीसीएल द्वारा निकाली जा रही संविदाओं में बाहरी संवेदकों की बढ़ती भागीदारी पर नाराजगी जताई गई। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि परियोजना के वर्षों बाद भी स्थानीय संवेदकों को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को लाभ मिल रहा है, जिससे वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सभी ने एक स्वर में निर्णय लिया कि अब बाहरी संवेदकों की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उन्हें बहिष्कृत किया जाएगा।

इस संदर्भ में विस्थापित भू-रैयत संवेदक संघ ने आगामी 10 जून को सुबह 10 बजे चमातू वर्कशॉप में अगली बैठक बुलाई है, जिसमें सभी स्थानीय संवेदकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

मौके पर राजेश साव, राम विलास साव, मंजूर आलम, आदित्य साव, अनिल साव, मदन कुमार, योगेश्वर प्रसाद साहू, शंकर कुमार साव, हुलास साव, गौतम, राजेंद्र प्रसाद, राजू साव, मोहम्मद समेंउदीन अंसारी, मोहम्मद मेराज अंसारी, तेज नारायण, गौतम कुमार, अखिलेश कुमार यादव, भोला कुमार, पवन कुमार, अनिरुद्ध साहू, विजय यादव, रंजीत कुमार, मुकेश यादव, नरेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी टंडवा परियोजना प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान का समापन सोमवार को संपन्न हुआ।

इस अभियान की शुरुआत प्रशासनिक भवन में एचओपी एस.के. सुवार द्वारा शपथ ग्रहण कर की गई थी, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया था।

पखवाड़े के दौरान जागरूकता फैलाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं, जैसे प्रभात फेरी, श्रमदान अभियान, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, "वेस्ट टू वेल्थ" मॉडल निर्माण, वॉकाथॉन और स्लोगन लेखन। चुंदरु धाम मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वसुंधरा लेडीज क्लब की अध्यक्षा दीपाली आचार्य, डॉ. कौशलेंद्र और डॉ. लक्ष्मी कुमारी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और पुरस्कार वितरण किया। बताया गया कि इस अभियान के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में 50 डस्टबिन एवं 2000 जूट के थैले वितरित किए गए।

स्वच्छता पखवाड़ा में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, साथ ही एनटीपीसी परियोजना से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इस अवसर पर कई प्रेरक तस्वीरें भी सामने आईं।

## मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर में आज प्रतिभा सम्मान समारोह

**बारियातू।** मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर, बारियातू में आज 3 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कोचिंग के निदेशक सानू कुमार ने बताया कि सेंटर में पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही जीवन को बेहतर दिशा मिलती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## हाईवा ने खड़ी हाईवा को मारी जोरदार टक्कर, चालक घायल रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ अनुमंडल क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। ताजा मामला सोमवार अहले सुबह का है, जब रेलवे ओवर ब्रिज के समीप दो हाईवा वाहनों की टक्कर में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान विकास यादव (23 वर्ष), पिता सुरेंद्र यादव, ग्राम बरकाबर, थाना बालूमाथ के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटी जब विकास यादव कोयला अनलोड कर अपनी हाईवा लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंचा, संभवतः आंख लगने के कारण उसका वाहन अनियंत्रित हो गया और एक खड़ी हाईवा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि चालक का सिर स्टेयरिंग में जा फंसा और उसका एक पैर ब्रेक के नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को बाहर निकाला और तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार युवक का एक पैर टूट गया है तथा सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

## बेतला में एससी-एसटी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री तेज, प्रशासनिक चुप्पी पर बुद्धिजीवियों की चिंता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जमीनों का अवैध धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। भू-माफिया सरकारी हो या रैयती जमीन—किसी पर भी कब्जा करने से पीछे नहीं हट रहे। आखड़ा, कुटमू समेत कई इलाकों में दलितों और आदिवासियों के नाम बंदोबस्त की गई जमीन को सस्ते में एग्रीमेंट कर बाहरी लोगों को बेचा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कई दलित परिवार अपनी जमीन के महत्व को समझे बिना थोड़े पैसे के लालच में भू-माफियाओं के चंगुल में फंस रहे हैं। वहीं प्रशासन की ओर से अब तक न तो कोई कार्रवाई हुई है और न ही प्रतिबंध से संबंधित कोई बोर्ड लगाया गया है। गौरतलब है कि यह क्षेत्र पलामू टाइगर रिजर्व और राष्ट्रीय धरोहर के अंतर्गत आता है, जिससे यहां की भूमि कीमती मानी जाती है। बुद्धिजीवियों ने लातेहार उपायुक्त से इस अवैध गतिविधि पर रोक लगाने की मांग की है।

## मनरेगा के तहत सामाजिक अंकेक्षण के बाद पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**बारियातू (लातेहार)।** मनरेगा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के तहत सोमवार को शिबला पंचायत भवन परिसर में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार पांडेय ने की। टीटी कार्यक्रम में पांच सदस्यीय जूरी की नियुक्ति की गई, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की कागजी और जमीनी जांच रिपोर्ट सभा में प्रस्तुत की। सोशल ऑडिटर द्वारा कुछ योजनाओं में पाई गई त्रुटियों के आधार पर जूरी ने मौके पर ही जुमार्ना लगाकर निष्पादन कराया। मौके पर रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार, सतीश साव, दुलारचंद पासवान, हलिमा खातून, लवकुश यादव, कुलेश्वर यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# निजाम अंसारी तीसरी बार निर्विरोध बने लातेहार राजद प्रखंड अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लातेहार प्रखंड अध्यक्ष पद पर एक बार फिर निजाम अंसारी निर्विरोध चुने गए हैं। यह लगातार तीसरी बार है जब उन्हें कार्यकर्ताओं का समर्थन मिला है। राजद जिला कार्यालय लातेहार में रविवार को आयोजित चुनाव कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चुनाव प्रभारी अजीत श्रीवास्तव की देखरेख में यह निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई।

चुनाव प्रभारी अजीत श्रीवास्तव ने नियमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई और निर्वाचित अध्यक्ष निजाम अंसारी को सम्मानपूर्वक प्रखंड अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने उम्मीद जताई कि निजाम अंसारी सबको साथ लेकर चलेंगे और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा, "मैं पार्टी की नीतियों के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करूंगा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाऊंगा। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करूंगा।" उन्होंने यह भी बताया कि दो प्रतिनिधियों (डेलीगेट) का चयन भी किया गया है, जो आगामी प्रदेशस्तरीय गतिविधियों में भाग लेंगे।

इस मौके पर बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से रंजीत यादव, नशबुलीन आलम, मोहर सिंह यादव, देववंश यादव, संतोष यादव, विनय कुमार, राज नारायण गिरी, मनोज कुमार यादव, वहाब अंसारी, शंकर यादव, मोहम्मद जावीर अंसारी, विष्णु देव यादव, वीडियो सिंह, उपेंद्र राम, चंद्रदेव सिंह, सयुव अंसारी, आवेश मियां, सज्जाद खान, चिंटू यादव, रंजय कुमार यादव, और चंद्रशेखर यादव शामिल हैं।

## लालू प्रसाद यादव बने कुंदा राजद प्रखंड अध्यक्ष

**कुंदा।** सोमवार को आयोजित राजद की बैठक में सर्वसम्मति से लालू प्रसाद यादव को कुंदा प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। बैठक में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार रजक ने उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया। चयन के बाद लालू प्रसाद यादव ने इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में पार्टी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हो रहा है जिसमें बैजनाथ याव को भी प्रखंड अध्यक्ष बताया गया है, जिससे असमंजस की स्थिति बन गई है। राजद जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहर सिंह यादव के बयानों पर भी सवाल उठ रहे हैं। बैठक में चंद्रशेखर कुमार, मंटू यदुवंशी, प्रदीप यादव, इंद्रदेव यादव, चंचल यादव, अशोक यादव, विनोद पासवान, पप्पू यादव, अजय यादव, अनिल कुमार यादव, जीतेश कुमार, महेश यादव, सुनील यादव, उदय यादव, बसंत कुमार, संतोष गंझु सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग में चतरा की 22 बहनों ने बढ़ाया जिले का गौरव

- आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा की दिशा में सशक्त पहल



**चतरा।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा लातेहार में आयोजित दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग में चतरा जिले की 22 बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में संचालित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के विभिन्न जिलों से युवतियों ने सहभागिता की है, जिनमें चतरा की भागीदारी उल्लेखनीय रही। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने आई बहनों को चतरा से लातेहार तक सुरक्षित पहुँचाने की जिम्मेदारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुधीर कुमार एवं बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडेय ने स्वयं निभाई। दोनों पदाधिकारियों ने छात्राओं को वाहन के माध्यम से गंतव्य तक पहुंचाया और प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने से पूर्व उन्हें प्रेरणादायी संदेश भी दिए।

शिविर में बहनों को आत्मरक्षा, योग, शारीरिक प्रशिक्षण, मानसिक दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा, बल्कि समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगा। विश्व हिंदू परिषद की यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास मानी जा रही है। चतरा की बेटियों की सक्रिय भागीदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह आयोजन समाज में आत्मबल, सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि " **टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 03 (तीन) अद्द दूकान संख्या 09,36,38** को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए **दिनांक 26/06/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा । जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8.75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 354024 ( District) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

पत्रांक............ **शुद्धि–पत्र** दिनांक..................

**PR No.-353467**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने के लिए कोटेशन आमंत्रित किया है जिसमें निम्न पथों का वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना है जिसकी सूची निम्नवत है ।

| क्रमांक | प्रखंड | मद | योजना का नाम | लंबाई (कि0मी0/ मी0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chhattarpur | RCPLWEA | Khairohar to Silda Kala via Barkhar Rajderwa Bakaspur road | 8.13 |
| 2 | Chhattarpur | RCPLWEA | Sahpur to Hulasi Ghat | 3.82 |
| 3 | Patan | RCPLWEA | Gram Role to Teliya Sikni Road | 5.37 |
| 4 | Patan | RCPLWEA | Gram Kaswakhad to Gram Budhi Road | 6.47 |
| 5 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over Sathi river at chainage 300m of Dagra to Ratnag via Katarwati | 20.64m |
| 6 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over sathbaheni river at dagra picket to salwe | 20.64m |
| 7 | Bishrampur | PMJANMAN | L023-Khumbhi Khurd More To Theki | 3.500 |
| 8 | Bishrampur | PMJANMAN | L024-PMGSY Road Pandu Pathalbandhwa To Barwahi Via Machawa Damar | 5.000 |
| 9 | Chainpur | PMJANMAN | L025-RCD Salatuwa to katting korwa tola | 0.600 |
| 10 | Chainpur | PMJANMAN | L023-Nawadih sungai to korwa tola via Nawadih Barwa tola to karwa | 3.137 |
| 11 | Chainpur | PMJANMAN | L028-Baherrakharh Bazaar To Benidih Kabra Bathan Bridge | 7.900 |
| 12 | Chainpur | PMJANMAN | L029-Kaachan To Teenkoniya Main Road | 6.040 |
| 13 | Chainpur | PMJANMAN | L030-Mahaut Muriya To Khairahi via Datam Madgada Road | 5.000 |
| 14 | Chainpur | PMJANMAN | L031-Pmgsy Road Kundpani To Sarahuwa Via Beli Road | 5.500 |
| 15 | Chainpur | PMJANMAN | L032-Nawa ( Biyadohar ) To Mahut Muriya via Datam | 5.700 |
| 16 | Chainpur | PMJANMAN | L033- Islamnagar More To Dhamanawa Main Road | 7.500 |
| 17 | Chainpur | PMJANMAN | L034-Mission School Chowk To Berma Masjid Chowk Road | 5.100 |
| 18 | Chainpur | PMJANMAN | L035-Chainpur Barwadih PWD Road to Margara via Chungra Bansdih | 6.230 |
| 19 | Chattarpur | PMJANMAN | L021-Madanpur REO ROAD Pindrahi To Aahri Padriya Tola | 6.010 |
| 20 | Chattarpur | PMJANMAN | L022- PWD Road Dundur Tardih To Dundur Road | 4.810 |
| 21 | Chattarpur | PMJANMAN | L023- NH -98 Kurauli Road To Kurauli Padriya Tola Road | 1.900 |
| 22 | Chattarpur | PMJANMAN | L024-REO Road Lebar More To Tuktuka Road | 3.300 |
| 23 | Chattarpur | PMJANMAN | L025-PMGSY Road Arar Duptiya To Thekhi Via Ara Road | 6.500 |
| 24 | Chattarpur | PMJANMAN | L026-Taradag More To Dindi Parhaiya Tola | 3.300 |
| 25 | Manatu | PMJANMAN | L021-Nagad Pmgsy Road To Daldaliya Road | 1.900 |
| 26 | Manatu | PMJANMAN | L022-Mitar Pmgsy Road To Jashpur chirikurd road | 11.400 |
| 27 | Manatu | PMJANMAN | L023-Jaspur To Singtuta Kusha Road | 9.300 |
| 28 | Panki | PMJANMAN | L021-Mukta to Rengai Via Hoiyo | 4.750 |

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 354074 (District)25-26*D

## एक नजर

### महिला ने बच्ची को जन्म देने के बाद तोड़ा दम



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के घाघरा पंचायत कापो टोली निवासी भुनुआ लोहरा की 31 वर्षीय गर्भवती पत्नी उन्नति देवी को रविवार सुबह 8.30 बजे लेबर पेन होने पर परिवार वालों ने सहिया सोनल मिंज को इसकी सूचना दी। सहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलने पर रेफरल अस्पताल सिसई से ममता वाहन बुलाकर उन्नति को 9 बजे अस्पताल में भर्ती कराई। जहां डॉक्टरों की देखरेख में प्रसव कराया गया। प्रसव बहुत मुश्किल से हुआ। उन्नति देवी ने लगभग 10.45 बजे एक बच्ची को जन्म दिया। लेकिन प्लासेंटा नहीं आया। डॉक्टरों ने कहा कि बच्चा गर्भ में ही लेट्रिंग खा गया है। हालांकि जन्म के बाद नवजात शिशु स्वस्थ है और खतरे से बाहर है। कुछ देर बाद मरीज की तबियत अचानक बिगड़ने लगी तभी डॉक्टर ने जांच कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु दोपहर 12 बजे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। सहिया व उसके पति भुनुआ लोहरा के द्वारा सदर अस्पताल गुमला ले जाकर एक बजे भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल के डॉक्टर व नर्सों ने काफी प्रयास किया वहां भी प्लासेंटा नहीं आया। इस दौरान मरीज की स्थिति और भी नाजुक हो चुकी थी। जिसके उपरांत डॉक्टरों ने अपराह्न 3 बजे मरीज को रिम्स रांची रेफर कर दिया। जब सहिया एंबुलेंस के लिए अस्पताल के नीचे आई तभी 10 मिनट बाद उन्नति ने अस्पताल में ही अपना दम तोड़ दी। उन्नति अपने पीछे पति, 5 वर्ष की बेटी और नवजात शिशु को छोड़ गई।

### भरनो अंचल में प्रधान सहायक मेझरन पन्ना को दी गई विदाई



**भरनो (गुमला)।** भरनो अंचल कार्यालय में प्रधान सहायक पद पर कार्यरत मेझरन पन्ना के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर सहित समस्त अंचलकर्मियों ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर उन्हें शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी। अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर ने इस मौके पर कहा कि मेझरन पन्ना ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनकी सरलता, कार्य के प्रति ईमानदारी और सहयोगी स्वभाव के कारण सभी के बीच उनकी विशेष पहचान बनी। उनकी सेवानिवृत्ति से कार्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है। समारोह में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने मेझरन पन्ना के साथ बिताए अपने अनुभवों को साझा किया और उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की कामना की। अपने विदाई संबोधन में मेझरन पन्ना ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "सरकारी सेवा में एक दिन सबको विदा होना होता है, लेकिन यहां के सहयोग और स्नेह को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी।" इस अवसर पर सीआई शाहीद अनवर, राजस्व कर्मचारी स्नेह लता मिंज, ब्रजेश सिंह, बलराम भगत, मोहम्मद जलालुद्दीन, कल्याणी कुमारी, नीतू कुमारी, राजीव रंजन, अंशुमन सिंह, गोबिंदा बैठा, चामा उरांव, भारती देवी, गंदूर उरांव समेत सभी अंचलकर्मी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने गुम हुए मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



**गुमला।** गुमला थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए तीन अलग-अलग व्यक्तियों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें सुपुर्द कर दिया है। सोमवार को थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर तीनों मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। पहला मामला शहर के कुम्हार मोड़ का है, जहां पिंटू शर्मा का मोबाइल 26 नवंबर 2024 को घर के पास काम पर जाते समय गिर गया था। दूसरा मामला कुम्हरिया निवासी दिनेश इन्दवार का है, जिनका मोबाइल 26 अप्रैल 2025 को सूअर गुड़ा चौक के पास बाइक चलाते समय गिरकर खो गया था। वहीं, तीसरा मामला लक्ष्मण नगर निवासी लकी सिंह का है, जिनका मोबाइल बीते रविवार को लिप्टस बगीचा मैदान में क्रिकेट खेलते समय गिरकर गुम हो गया था। तीनों ही मामलों में मोबाइल गुम होने के बाद संबंधित व्यक्तियों ने गुमला थाना में सनहा दर्ज कराया था। इसके बाद एएसआई सुनील कुमार ने अनुसंधान कर तीनों मोबाइल बरामद कर लिए। सोमवार को सभी पीड़ितों को थाना बुलाकर थाना प्रभारी ने मोबाइल सुपुर्द किए। गुमला पुलिस की इस सक्रियता की लोगों ने सराहना की है।

### पारिवारिक विवाद में युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के वृंदा गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। 32 वर्षीय कृष्णा लोहरा ने रविवार को अपने घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाने की कोशिश की। हालांकि, परिजनों की तत्परता से उसकी जान बचा ली गई और उसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष्णा लोहरा शराब का नियमित सेवन करता था, जिससे घर के सदस्य खासे परेशान थे। उसकी पत्नी और पिता कई बार उसे शराब न पीने की सलाह देते रहे, लेकिन आदत में सुधार नहीं होने के कारण रविवार को एक बार फिर उसे डांट-फटकार लगाई गई। इसके बाद युवक ने गुस्से में घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया और साड़ी को गले में लपेटकर फांसी लगाने की कोशिश की। घटना की भनक लगते ही परिजनों ने खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश किया और चाकू से साड़ी काटकर युवक को नीचे उतारा। तुरंत उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

# बाइक दुर्घटना में चार युवक घायल, एक की हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**पालकोट (गुमला)।** सोमवार शाम करीब 4 बजे बघिमा चरका टांगर मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में चार युवक घायल हो गए। सभी युवक कुलबीरा पतिया गांव के निवासी हैं और एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। हादसे के बाद सभी घायलों को स्थानीय समाजसेवकों की मदद से एम्बुलेंस के जरिए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक नशे की हालत में थे और जैसे ही वे बघिमा चरका टांगर के समीप पहुंचे, एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे जोरदार टक्कर हुई। दुर्घटना के बाद चारों युवक सड़क किनारे गिर पड़े। स्थानीय लोगों की तत्परता से तत्काल एम्बुलेंस को बुलाया गया। हादसे में बोडो कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दो अन्य को गंभीर चोटें आई हैं। एक युवक को हल्की चोटें लगी हैं, जिसने पूछताछ के दौरान कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।



### कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मंजीरा पुल के पास रविवार देर रात एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसा रात करीब 10:30 बजे हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### टेंपो पलटने से यात्री घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के रेहे कुबाटोली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मोड़ के पास आज एक टेंपो के पलटने से गंभीर हादसा हो गया, जिसमें 42 वर्षीय नुरगन नाग घायल हो गए। हादसे में उनका बायां हाथ टूट गया। मिली जानकारी के अनुसार, नुरगन नाग, जो पालकोट थाना क्षेत्र के बाघिमा गांव के निवासी हैं, अपनी बेटी के घर सेरका सियारटोली आए हुए थे। वहां से वे एक ऑटो (टेंपो) में सवार होकर रेहे टोली गांव जा रहे थे। इसी दौरान कस्तूरबा विद्यालय मोड़ के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल नुरगन नाग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चैनपुर पुलिस अंचल में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस अंचल निरीक्षक जितेंद्र राम की अध्यक्षता में सोमवार को अंचल निरीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में चैनपुर पुलिस अंचल के अंतर्गत आने वाले सभी थाना प्रभारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।अंचल निरीक्षक जितेंद्र राम ने सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करें। उन्होंने अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर पैनी नजर रखने पर विशेष जोर दिया।बैठक में रायडीह थाना प्रभारी कुंदन सिंह, जारी थाना प्रभारी आदित कुमार, सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश टुडू, कुरुमगाड़ एसआई संदीप कुमार यादव, चैनपुर एसआई अशोक कुमार और डूमरी एसआई मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस मासिक गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना, लंबित मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

## छतरपुर ग्राम में सरकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के छतरपुर ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को परिवार विकास संस्था की ओर से एक दिवसीय सरकारी योजनाओं पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया, जहाँ उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया।शिविर के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और आवास योजना से संबंधित अपनी जिज्ञासाएँ और समस्याएँ साझा कीं। फील्ड कोऑर्डिनेटर कपिल देव यादव ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं और दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर परिवार विकास संस्था के कोऑर्डिनेटर कपिल देव यादव के साथ सीताराम मुंडा, थॉमसन टोप्पो, अभय बड़ा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनका लाभ दिलाने में मदद करना है।



### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नवनियुक्त उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला के नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से आज गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया और गुमला के व्यापार, उद्योग और आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। मुलाकात की शुरुआत में चेंबर सचिव बबलू वर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय कराया। इसके बाद अध्यक्ष राजेश सिंह ने चेंबर ऑफ कॉमर्स की भूमिका, उसकी कार्यशैली और जिला प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारी हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान अध्यक्ष ने उपायुक्त का ध्यान कर्मडीपा-सिसई रोड से चांडाली तक सड़क चौड़ीकरण, गुमला में ज़ियाडा की जमीन का चिन्हीकरण और उद्योग लगाने के इच्छुक व्यापारियों को भूमि आवंटन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि यदि भूमि आवंटन की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो, तो गुमला में छोटे और मध्यम उद्योगों को गति मिल सकती है, जिससे जिले के रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

### गुमला में सौंदर्य देखभाल सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**गुमला।** जन शिक्षण संस्थान, गुमला (झारखंड) द्वारा आज "सौंदर्य देखभाल सहायक" प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें निदेशक अमित कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी रोहिना महतो, प्रोत्साहक कुसमंती एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात अतिथियों ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि जन शिक्षण संस्थान का यह प्रयास युवतियों को व्यावसायिक कौशल देकर उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने का एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि सौंदर्य देखभाल क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं अपने लिए न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकती हैं।

## मनरेगा और अबुआ आवास को लेकर चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कांति कुमारी की अध्यक्षता में मनरेगा और अबुआ आवास योजना से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा के तहत महिला



श्रमिकों का जल्द से जल्द पंजीकरण कराने पर विशेष जोर दिया गया।

इसके अतिरिक्त, नई बागवानी परियोजनाओं को शीघ्रता से शुरू करने और अबुआ आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक के प्रमुख एजेंडों में से एक मनरेगा मजदूरों का 99 प्रतिशत तक आधार-आधारित भुगतान प्रणाली से लिंक करवाना था, ताकि भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके। अन्य विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।इस महत्वपूर्ण बैठक में इंजीनियर सुमित खलखो, संदीप तिवारी, संजय उरांव, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीपीआरओ राममोहन साहू सहित प्रखंड कार्यालय के कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय चतरा।**
(E.mail: dpochatra@yahoo.com)
(जिला योजना)

**–:आम सूचना :–**

जिला एवं प्रखण्ड के सभी जिलावासियों/प्रखण्ड वासियों को सूचित करना है कि नमामी गंगे परियोजना अन्तर्गत "विश्व पर्यावरण दिवस" एवं "गंगा दशहरा" के अवसर पर दिनांक 05.06.2025 को चतरा के निरंजना नदी के संरक्षण हेतु जन जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार कार्यक्रम निम्न रूप से निर्धारित है :–

प्रभात कार्यक्रम :– प्रातः 06 बजे से 10:00 बजे पूर्वाह्न तक।

01. श्रम दान, प्रभात फेरी, वृक्षारोपन, संकल्प इत्यादि कार्यक्रम।

संध्या कार्यक्रम :– अपराह्न 04 :00 बजे से 06:00 बजे अपराह्न।

01. गंगा चौपाल :– गंगा चौपाल, संध्या भजन एवं गंगा आरती कार्यक्रम

जिला एवं प्रखण्ड के सभी जिलावासियों/प्रखण्ड वासियों से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाना है।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 354041 (Planning and Development) 25-26 (D)

**Government of Jharkhand Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**
**e- Procurement Tenders Notice**
**NIT No. - UDD/LNP/04/2025-26**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Bid Security | Tender Fee | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित आयोग मद | | | | | | |
| 1 | UDD/LNP/04/2025-26 | Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Latehar Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance Including desludging operations for Five Year. | Construction Cost:- 29471426.00 Operation and Maintenance Cost:- 11466417.00 Total:- 40937843.00 | 409400.00 | 10000 | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of Trial and Run and 5 year of O&M post DLP. |
| 2 | Date of e-Publication of Tender | | 04.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 3 | Document downloading start Date | | 05.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 4 | Start date for seeking clarification | | 10.06.2025 at 12:00 PM | | | |
| 5 | End date for seeking clarification | | 11.06.2025 at 12:00 PM | | | |
| 6 | Pre bid meeting date, Time & Venue | | 17.06.2025 at 12:00 PM, Nagar Panchayat office | | | |
| 7 | Bid submission end Date | | 24.06.2025 upto 2:00 PM | | | |
| 8 | Technical Bid opening date (Online) | | 25.06.2025 at 5:00 PM | | | |
| 9 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 354101 Urban Development(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2025-26

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 11/06/2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 12/06/2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 12/06/2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. भवन अवर प्रमण्डल, पदाधिकारी–01, लोहरदगा का कार्यालय। 2. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय। 3. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल संख्या–2,रॉंची का कार्यालय।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय।
8. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation Work of Female Ward, Female Cell, Dispensary, Toilet Block, Creche & Boundary Wall at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 30,79,900=00 | 62,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 2. | Renovation work off Ward No-01 to 04 at Mandal Kara Lohardaga in the District Lohardaga. | 41,55,700=00 | 85,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 3. | Renovation work of Ward No -05 to 08 at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 49,93,100=00 | 1,00,000=00 | 5,000=00 | 04 (Four) Months. |
| 4. | Renovation/Repair work of Perimeter wall, Drain & Construction of water sump at Mandal Kara Lohardaga in the district of Lohardaga. | 27,33,200=00 | 55,000=00 | 5,000=00 | 03 (Three) Months. |
| 5. | Repair work of WatchTower (05 Nos.) & Morcha at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga | 17,84,800=00 | 36,000=00 | 5,000=00 | 03 (Three) Months. |
| 6. | Construction of Room inside Jail Premises for LADCS at Mandal Kara Lohardaga in the District of Lohardaga. | 10,09,600=00 | 20,500=00 | 2,500=00 | 03 (Three) Months. |

निविदा का परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों का पालन अनिवार्य है :–

1- निबंधन पत्र, यूकैन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन 3B, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या आवश्यक शपथ पत्र की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।

♣ विशेष जानकारी के लिए – www.jharkhand.gov.in या कार्यालय का सूचना पटट् पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 354086 Lohardaga(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-05/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 09.06.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 10.06.2025के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.06.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा। 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0......चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय,भवन प्रमण्डल,चतरा। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 250 MT Godown at Lawalong BlockBlock, Dist- Chatra. | 8,63,700.00 | 17500.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 2 | Renovation of 500 MT Godown at Lawalong Block Block, Dist- Chatra. | 11,04,500.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 3 | Renovation of 250 MT Godown in Construction of office and toilet in Pathalgada Block, Dist-Chatra | 15,27,400.00 | 31000.0 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | Renovation of 500 MT Godownin Simaria Block, Dist.-Chatra | 12,99,000.00 | 26000.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 5 | Renovation of 250 MT Godownin Simaria Block, Dist.-Chatra | 4,47,400.00 | 9000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | Renovation of 250 MT Godown in Construction of office and toilet in Kunda Block, Dist-Chatra | 15,79,300.00 | 32000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | Renovation of 250 MT Godown in Construction Apporach Road in Hunterganj Block, Dist-Chatra | 9,26,800.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 8 | Renovation of 1500 MT Godown in Hunterganj Block, Dist-Chatra | 21,43,800.00 | 43000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9 | Renovation of 250 MT Godownin Pratappur Block, Dist.- Chatra | 9,47,500.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 10 | Renovation of 250 MT Godownin Kanhachatti Block, Dist.- Chatra | 18,59,100.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11 | Renovation of 250 MT Godownin Itkhori Block, Dist.-Chatra | 11,21,700.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 Months |
| 12 | Renovation of 500 MT Godownin Gidhour Block, Dist.-Chatra | 9,26,450.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 Months |

नोट– 1.निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकताहै।
2.बैंक ड्राफ्ट निविदा कार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 354034 Building(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

### सोशल मीडिया पर युद्ध और भ्रामक जानकारी

ब्रेकिंग न्यूज की दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सत्ता पक्ष को नीचा दिखाने में सारी हदें पार करते विपक्षी नेता यह भूल जाते हैं कि युद्ध में उनकी गैर जिम्मेदाराना हरकत कितनी घातक हो सकती है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का यह कहना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का पंद्रह फीसदी समय फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं का मुकाबला करने में बर्बाद हुआ, केवल एक आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को झकझोरने वाली सच्चाई है। उनका यह बयान आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति को तो दिखाता ही है, इसके साथ यह भी दर्शाता है कि सूचना युद्ध अब सैन्य रणनीति का कितना अभिन्न अंग बन चुका है। इससे यह भी पता चलता है कि हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नरेटिव की लड़ाई, तो दूसरी ओर मीडिया युद्ध क्यों करना पड़ा। दरअसल, आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और त्वरित संचार ने गलत सूचनाओं को फैलाने की गति को अभूतपूर्व बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित झूठी खबरों ने लोगों की धारणा को प्रभावित करने की साजिश रची, जिसका सामना भारत ने तथ्य-आधारित और संयमित संचार की रणनीति से किया, लेकिन इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र द्वारा फैलाई गई भ्रामक सूचनाओं को ही कई देश काफी समय तक सच मानते रहे। वरना ऐसी नौबत ही क्यों आती कि कोलंबिया को पाकिस्तान के साथ सहानुभूति दर्शाने वाले बयान को वापस लेने के लिए राजी होना पड़ा, जब शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सच्चाई को सामने रखा। इससे यह भी पता चलता है कि प्रतिनिधि मंडलों को विभिन्न देशों में भेजकर अपना पक्ष रखने का निर्णय कितना जरूरी था और ये दल अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक अपनी बात पहुंचाने में सफल भी रहे हैं। बात सिर्फ कोलंबिया या चुनिंदा देशों की नहीं है, ऐसे बहुतेरे देश होंगे, जो पाकिस्तान के झूठे बयानों की असलियत से अब भी अंजान होंगे। यह स्थिति हमें एक गंभीर सबक देती है कि अब युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं के मोर्चे पर भी लड़े जा रहे हैं। चूंकि गलत सूचनाओं का प्रभाव केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं रहता; यह जनता के मनोबल, अंतरराष्ट्रीय धारणा और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी प्रभावित करता है, जनरल चौहान ने उचित ही सूचना युद्ध के लिए एक समर्पित शाखा की जरूरत पर बल दिया है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जब सूचनाओं की बाढ़ आती है, तो उन्हें विफल करना भी तैयारी की बात बन जाती है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत और स्वदेशी रक्षा प्रणालियों की क्षमता को तो प्रदर्शित किया ही, साथ ही सूचना युद्ध और साइबर खतरों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर किया। जनरल चौहान का बयान दरअसल हमें इस नए युद्ध क्षेत्र में अपनी तैयारी को और पुख्ता करने के प्रति आगाह करता है।

*ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नरेटिव की लड़ाई, तो दूसरी ओर मीडिया युद्ध क्यों करना पड़ा।*

# पढ़ना: भविष्य गढ़ने वाली एक साधना

आज जब हम चारों ओर नज़र डालते हैं, तो एक सच्चाई बेहद चुभती है-लोग पढ़ना भूलते जा रहे हैं। भले ही आज तकनीक ने सारी जानकारी हमारे मोबाइल स्क्रीन पर ला दी है, लेकिन किताबों से जुड़ने की आदत धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। किताबें, जो कभी घरों की शान हुआ करती थीं, अब अलमारियों के कोनों में सिमटती जा रही हैं या फिर कहीं दिखती ही नहीं।

यह केवल एक आदत खोने की बात नहीं है। यह हमारी सोच, हमारी संस्कृति, और हमारे आत्मविकास के धीमे-धीमे क्षरण की गंभीर चेतावनी है।

### ज्ञानविहीन वैभव का खोखलापन

प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति जी का एक संस्मरण हमें इस विषय पर गहराई से सोचने को मजबूर करता है। वे एक दिन एक अत्यंत समृद्ध परिवार के यहाँ गईं। वहाँ धन, भव्यता और ऐश्वर्य के हर चिन्ह मौजूद थे - महंगे फर्नीचर, सजावटी सामान, महंगी कलाकृतियाँ। परंतु, हैरानी की बात यह थी कि उस भव्य भवन में एक भी पुस्तक नहीं थी।

सुधा जी ने मुस्कुराते हुए कहा, "आज मैं एक अत्यंत गरीब घर में गई थी।"

यह कथन चौंकाने वाला था, परन्तु इसके पीछे की गहन सच्चाई को समझना आवश्यक है।

जिस घर में ज्ञान का प्रवेश नहीं, वहाँ भौतिक समृद्धि भी अंततः अर्थहीन हो जाती है।

पढ़ना क्यों ज़रूरी है?

पढ़ना केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने या डिग्रियाँ हासिल करने का माध्यम नहीं है।

पढ़ना वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम दुनिया को बेहतर समझते हैं, खुद को गहराई से जानते हैं, और समाज में संवेदनशीलता व विवेक का विकास करते हैं।

रात को सोने से पहले कुछ पढ़ना - यह एक साधारण-सी आदत है, जो अद्भुत परिवर्तन ला सकती है।

चाहे हम किसी भी उम्र के हों - बच्चे, युवा, महिला, पुरुष या बुजुर्ग - पढ़ना हमें समय के साथ अद्यतन रखता है।

जो व्यक्ति पढ़ना छोड़ देता है, वह धीरे-धीरे समय से कटने लगता है। उसकी सोच जड़ होती जाती है, उसका दृष्टिकोण सीमित होता जाता है।

पढ़ना एक निरंतर यात्रा है - यह हमें संस्कृति को समझने का अवसर देता है, यह हमें दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना सिखाता है, यह हमें मनोविज्ञान, दर्शन, इतिहास, भविष्य दृष्टि, और आत्मविकास के क्षेत्र में गहराई से सोचने की क्षमता प्रदान करता है।

### किताबें : जीवन के अनुभवों की संचित पूंजी

जब हम किसी लेखक की पुस्तक पढ़ते हैं, तो हम उसकी पूरी ज़िन्दगी के अनुभवों को कुछ घंटों या दिनों में अपने भीतर समेट लेते हैं।

पुस्तकें केवल सूचनाओं का भंडार नहीं होतीं; वे जीवन का मंथन होती हैं।

हर किताब, हर शब्द - किसी लेखक के विचारों, संघर्षों, और जीवन-दर्शन की देन होती है।

आज के युग में पढ़ने का अर्थ है - अपने भीतर रोशनी जलाना। यह रोशनी हमें राह दिखाती है, चाहे समय कितना ही अंधकारमय क्यों न हो।

शिक्षा की बात



वीणा देवांगन
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

## क्या सिर्फ सूचना काफी है?

आज लोग गूगल कर लेते हैं, यूट्यूब पर वीडियो देख लेते हैं - और सोचते हैं कि ज्ञान मिल गया। लेकिन याद रखिए - सूचना और ज्ञान में वही अंतर है जो कच्चे माल और कला में होता है।

जानकारी इकट्ठा करना आसान है, पर उसे आत्मसात करना, सोच में ढालना, और फिर जीवन में उतारना - यह सिर्फ गहन अध्ययन और चिंतन से संभव है। और यही पढ़ने से आता है।

पढ़ाई का समय सिर्फ बचपन तक नहीं

बहुत से लोग मानते हैं कि पढ़ाई केवल स्कूल और कॉलेज तक सीमित है।

परंतु, असली पढ़ाई तो जीवन भर चलती है। हर दिन कुछ नया पढ़ना, हर दिन खुद को थोड़ा बेहतर बनाना - यही जीवन की सच्ची यात्रा है।

### क्या पढ़ें?


आज पढ़ने के लिए विषयों की कोई कमी नहीं है - दर्शन हमें सिखाता है कि दुख और सुख को कैसे देखा जाए, मनोविज्ञान हमें खुद को और दूसरों को समझने में मदद करता है, इतिहास हमें बताता है कि हमने कहाँ गलतियाँ कीं और कैसे सुधर सकते हैं, आत्मकथाएँ हमें प्रेरणा देती हैं कि असंभव भी संभव हो सकता है, कविताएँ और साहित्य हमारी संवेदनाओं को पंख देते हैं।

बस शर्त यह है कि हम पढ़ना चाहें।

(veenavlogs@gmail.com)

### संकल्प लें - ज्ञान का दीपक फिर से जलाएं

- आज, इस क्षण, जब आप यह लेख पढ़ रहे हैं, आइए एक छोटा-सा लेकिन क्रांतिकारी संकल्प लें - रोज़ाना पढ़ने का।
- भले ही 5 मिनट, भले ही 2 पन्ने, लेकिन एक आदत के रूप में - रोज़ कुछ नया सीखने, समझने, सोचने का।
- याद रखिए -पढ़ने से आत्मा समृद्ध होती है।
- पढ़ने से दृष्टि व्यापक होती है।
- पढ़ने से जीवन अर्थपूर्ण बनता है।
- अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी बेहतर बने, तो सबसे पहले हमें खुद एक आदर्श बनना होगा - किताब हाथ में लेकर।
- ज्ञान के दीपक को फिर से प्रज्ज्वलित करके।
- अंत में यही कहूंगी। जिस घर में किताबें होती हैं, वहाँ सपने पलते हैं।
- जहाँ ज्ञान का आदर होता है, वहाँ भविष्य संवरता है।
- जहाँ पढ़ने की आदत होती है, वहाँ सच्चा वैभव होता है।
- तो आइए, आज से ही शुरू करें - चलो, फिर से पढ़ना शुरू करें। आत्मा के लिए, समाज के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए।



## भोजन करने के समय मौन व शांत रहें



रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित रविवारीय सत्संग के दौरान योगदा भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी निर्मलानन्द ने कहा कि आप भोजन करने, कोई विशेष कार्य करने तथा ईश्वर के प्रति भक्ति-प्रेम निवेदित करने के समय जितना मौन व शांत रहेंगे, उतना ही आनन्द में रहेंगे। इसमें कोई किन्तु-परन्तु नहीं। स्वामी निर्मलानन्द ने कहा कि व्यक्तिगत व आत्मकल्याण के लिए मौन का बहुत बड़ा महत्व है। वे रविवारीय सत्संग में मौन की महत्ता और उससे होनेवाले लाभ से योगदा भक्तों को परिचय करा रहे थे। नाना प्रकार की घटनाओं और दृष्टांत द्वारा उन्होंने योगदा भक्तों को मौन के गूढ़ रहस्यों से पर्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि आप एक शोरगुल की दुनिया में रहे और उसके बाद एक शांत वातावरण में समय बिताएं। आपको खुद पता चल जायेगा कि शोरगुल की दुनिया और प्रकृति के शांत वातावरण में रहने में क्या अंतर है? शोरगुल हमारे तंत्रिका तंत्र पर गहरा असर डालता है और यह हमारे जीवन को इस कदर प्रभावित करता है कि व्यक्ति स्वयं को असहज महसूस करता है। इसके विपरीत शांत वातावरण और मौन, व्यक्ति को सहज बनाने में मदद करता है। स्वामी निर्मलानन्द ने कहा कि बेकार की बातों में आज जितना उलझेंगे। उतना ही आप असहज और अशांत होंगे और जैसे ही बेकार की बातों की जगह मौन रहना पसंद करेंगे। आप को खुद पता चल जायेगा कि मौन रहना कितना श्रेयस्कर होता है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी भी मौन रहने को बेहतर मानते थे और समय-समय पर एक पूरे दिन व मौन रहने में बिताते थे। दरअसल सच्चाई है कि बेकार की बातों से व्यक्ति मन की शांति को खो देता है। मतलब साफ है कि हम जितना मौन व शांत रहेंगे। उतना आनन्द में रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी भोजन करें तो शांतचित्त होकर करें। मौन होकर करें। कोई भी काम करें तो उसमें भी मन को शांत रखें, मौन होकर अपने कामों को गति दें। ईश्वर की ओर अपने मन को लगाने की जब कोशिश करें तो उसमें भी मौन व शांतचित्त रहे। इससे आप पायेंगे कि आप जो भोजन कर रहे हैं, वो शरीर को उचित पोषण दे रहा है। जो काम कर रहे हैं, उसमें सफलता मिल रही है। ईश्वरीय प्रेम की ओर बढ़ रहे हैं तो ईश्वर से आपकी निकटता में भी तेजी आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो गहराई से ध्यान करते हैं। वे सर्वाधिक स्वयं को शांत महसूस करते हैं। वे मौन भी रहते हैं। उनका मौन रहना, उन्हें ईश्वरीय प्रेम की ओर ले जाता है। इसलिए प्रत्येक को मौन रहने के महत्व को जानना चाहिए तथा मौन रहने की प्रवृत्ति को अपनाना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



कृष्ण बिहारी मिश्र

# अगर प्रगति की कीमत प्रकृति है, तो साइकिल एक जवाब है

जब दुनिया रफ्तार की अंधी दौड़ में खुद को खो रही थी, तब साइकिल ने चुपके से हमें संतुलन का पाठ पढ़ाया—एक ऐसी क्रांति जो न शोर करती है, न धुआँ छोड़ती है, बल्कि जीवन को गति और गरिमा से जोड़ती है। विश्व साइकिल दिवस, जो हर 3 जून को मनाया जाता है, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि एक जागृति का आह्वान है। यह वह पुकार है जो हमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक समानता की ओर ले जाती है। साइकिल—दो पहियों का यह जादू—न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो हमें आधुनिकता के शोर में खोई मानवता को फिर से जोड़ती है। यह वह औज़ार है जो हमें याद दिलाता है कि असली प्रगति रफ्तार में नहीं, बल्कि दिशा और संतुलन में है। संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में विश्व साइकिल दिवस की घोषणा की, और यह कोई संयोग नहीं था। यह एक वैश्विक स्वीकृति थी कि साइकिल सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक परिवर्तन का समाधान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, नियमित साइकिलिंग से हृदय रोग, डायबिटीज और मोटापे का जोखिम 50% तक कम हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि सप्ताह में केवल 150 मिनट की साइकिलिंग मानसिक तनाव को 25% तक कम कर सकती है। यह एक ऐसी औषधि है जो बिना साइड इफेक्ट के शरीर और मन को स्वस्थ बनाती है। साइकिल न तो तेल माँगती है, न बैटरी—यह तो बस इरादों से चलती है, और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। भारत जैसे देश में साइकिल का महत्व और भी गहरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि शिक्षा और सशक्तिकरण का जरिया भी है। बिहार सरकार की 'मुख्यमंत्री साइकिल योजना' ने 2006 से अब तक लाखों स्कूली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति में 20% की वृद्धि हुई है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों का प्रतीक है, जहां एक साइकिल ने किसी लड़की के सपनों को स्कूल की दहलीज तक पहुँचाया। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में भी ऐसी योजनाओं ने सामाजिक परिवर्तन की नींव रखी है। साइकिल ने न केवल दूरी को कम किया, बल्कि लैंगिक और आर्थिक असमानता को भी पाटने में मदद की है। शहरी भारत में साइकिल पर्यावरण और ट्रैफिक की चुनौतियों का जवाब है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण एक गंभीर संकट है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के सुरक्षित मानक से 8-10 गुना अधिक रहता है। मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहर भी इससे अछूते नहीं हैं। साइकिल, जो जीरो-कार्बन उत्सर्जन के साथ चलती है, इस संकट का टिकाऊ समाधान है। एक अनुमान के मुताबिक, अगर भारत के शहरी क्षेत्रों में 15% लोग कार के बजाय साइकिल अपनाएँ, तो सालाना 1.5 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम हो सकता है। नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम और डेनमार्क के कोपेनहेगन जैसे शहरों ने साइकिल को अपनी शहरी संस्कृति का हिस्सा बनाकर यह दिखाया है कि सही नीतियों और बुनियादी ढांचे से पूरा तंत्र बदला जा सकता है। भारत में पुणे, भोपाल और मैसूर जैसे शहर अब साइकिल लेन और बाइक-शेयरिंग योजनाओं के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भोपाल में 2024 तक 50 किलोमीटर से अधिक साइकिल पथ बनाए गए हैं, जो एक सकारात्मक शुरुआत है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखता है और जोड़ों पर कम दबाव डालता है। एक औसत व्यक्ति 30 मिनट की साइकिलिंग में लगभग 300 कैलोरी बर्न कर सकता है। इसके अलावा, साइकिल चलाने से डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव और चिंता को कम करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



देश की बात

03 जून: विश्व साइकिल दिवस




प्रो. आरके जैन

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

खुश रहते थे सब वहाँ, सबका था सम्मान।
नारी घर का केंद्र थी, होती थी अभिमान।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भारत के समक्ष घुसपैठ का खतरा और संवैधानिक संतुलन

21वीं सदी में वैश्वीकरण ने देशों को निकट तो लाया, लेकिन साथ ही सीमाओं की रक्षा और पहचान की राजनीति को और अधिक जटिल बना दिया। जब वीज़ा, नागरिकता और शरण जैसे विषय केवल मानवीय नहीं, बल्कि राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक बन जाएं, तब किसी राष्ट्र के लिए उनकी पुनर्व्याख्या आवश्यक हो जाती है। भारत आज इसी द्वंद्व के दौर से गुजर रहा है। एक ओर विदेशी निवेश और संबंधों के लिए उदार वीज़ा नीति, तो दूसरी ओर घुसपैठ और अवैध प्रवासियों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा। वीज़ा वह आधिकारिक अनुमति है, जो किसी देश के नागरिक को दूसरे देश में एक निश्चित उद्देश्य से प्रवेश, निवास या यात्रा की अनुमति देती है। इसके प्रकार हैं। पर्यटक वीज़ाः 3-6 महीने घुमने-फिरने हेतु। व्यवसायिक वीज़ाः 1-5 वर्ष, व्यापारिक गतिविधियाँ हेतु। छात्र वीज़ाः कोर्स की अवधि तक, उच्च शिक्षा के लिए। वर्क वीज़ाः 1-3 वर्ष रोज़गार हेतु। ट्रांजिट वीज़ाः 3 दिन तक केवल रास्ते से गुजरने हेतु। डिप्लोमैटिक वीज़ाः राजनयिक कार्य हेतु। शरणार्थी वीज़ाः संकटग्रस्त नागरिकों को अस्थायी सुरक्षा। स्थायी निवास वीज़ाः अनिश्चितकालीन स्थायी बसावट के लिए। स्टेपल वीज़ाः चीन की कूटनीतिक चाल। स्टेपल वीज़ा चीन द्वारा भारत के नागरिकों (विशेषकर अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लोगों) को दिया गया वीज़ा होता है, जो पासपोर्ट पर चिपकाने की बजाय अलग कागज पर स्टेपल किया जाता है। यह भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का प्रतीक है। भारत सरकार इसका कड़ा विरोध करती है और ऐसे वीज़ा पर यात्रा की अनुमति नहीं देती। भारत की नीति सुरक्षा, कूटनीति और उदारता के त्रिकोण पर आधारित है। भारत कई पहलुओं पर कार्य कर रहा है। ई-वीज़ा सुविधाः 170+ देशों के लिए उपलब्ध। ओसीआई कार्डः भारतीय मूल के विदेशियों को अर्ध-नागरिक अधिकार। फ्रॉड डिटेक्शन वीज़ा ट्रैकिंग सिस्टमः वीज़ा का दुरुपयोग रोकने हेतु। मानवता आधारित शरण नीतिः तिब्बती, श्रीलंकाई, अफगानी जैसे शरणार्थियों को अस्थायी सुरक्षा। बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत की आंतरिक चुनौती बन गई है। अनुमानतः 2 करोड़ से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत के विभिन्न राज्यों में रह रहे हैं। विशेष रूप से असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली, बिहार, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में इनकी संख्या चिंताजनक है। ये घुसपैठिए भूमि पर अवैध कब्जा, सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग, पहचान पत्र प्राप्त कर मतदान में हस्तक्षेप तक कर रहे हैं। इसका प्रभाव यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। सांस्कृतिक-सामाजिक संघर्ष और अपराधों में वृद्धि होने लगी है। सीएए के अंतर्गत भारत ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्मावलंबियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान किया है जो 31 दिसंबर 2014 तक आए शरणार्थियों को कवर करता है। केवल धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यक समुदाय रोहिंग्या, घुसपैठिए या आर्थिक कारणों से आए मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया। यह कानून भारत की मानवीय परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5-11 में नागरिकता पर स्पष्ट प्रावधान हैं, परंतु भारत में शरणार्थियों के लिए कोई पृथक कानून नहीं है। भारत ने अभी तक 1951 की संयुक्त राष्ट्र की "शरणार्थी सम्मेलन" पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बावजूद भारत ने ऐतिहासिक रूप से मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है, जैसे तिब्बती शरणार्थियों के लिए धर्मशाला। श्रीलंकाई तमिलों के लिए शिविर। अफगान शरणार्थियों को अस्थायी वीज़ा। भारत के पास अवैध प्रवेश व निवास के लिए दंडात्मक विधियाँ हैं। विदेशी अधिनियम, 1946 बिना वैध दस्तावेज़ के भारत में रहना अपराध है। पासपोर्ट अधिनियम, 1920 – अवैध यात्रा पर 5 वर्ष तक की सजा। एनआरसी–असम में लागू, भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित है। जनगणना और बायोमेट्रिक सत्यापन – प्रत्येक नागरिक का सत्यापन अनिवार्य है। अब सवाल यह उठता है कि राष्ट्र की रक्षा के उपाय क्या किया जाना चाहिए? जवाब है राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को राष्ट्रव्यापी रूप दे देना चाहिए। अवैध प्रवासियों की पहचान कर निर्वासन की स्पष्ट नीति बनाकर घुसपैठियों को बाहर कर देना चाहिए और कड़ी से कड़ी दंड की व्यवस्था होनी चाहिए। सरकार व न्यायपालिका के बीच समन्वय स्थापित होनी चाहिए। सीमा प्रबंधन व बांग्लादेश से द्विपक्षीय वार्ता कर इस पर स्थाई हल निकालना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



डॉ दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 3 से 5 जून तक

**एजेंसी। अयोध्या**


अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण के पहले चरण का एक महत्वपूर्ण अध्याय इस सप्ताह पूरा होने जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर के प्रथम तल पर स्थित राम दरबार और अन्य देवी-देवताओं के आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा 3 से 5 जून के बीच संपन्न होगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पांच जून को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आकर अनावश्यक परेशानी में न फंसें। चंपत राय के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में जिन देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्रतिष्ठा होगी, उनमें शिवलिंग, गणपति, हनुमान जी, सूर्य देव, भगवती, अन्नपूर्णा, शेषावतार और श्रीराम दरबार प्रमुख हैं। तीन दिवसीय वैदिक अनुष्ठान की शुरुआत 3 जून से होगी, जबकि मुख्य प्राण प्रतिष्ठा पूजन 5 जून को दोपहर 11:25 बजे निर्धारित है। इसके पश्चात लगभग एक बजे भोग आरती संपन्न होगी। गौरतलब है कि 5 जून को गंगा दशहरा का पावन पर्व भी है, और संयोगवश यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भी है। चंपत राय ने इस संयोग को अनायास और दैवीय विधान बताया। पूरे आयोजन में वैदिक रीति से पूजा-पाठ कराने के लिए देशभर से आए कुल 101 वैदिक आचार्य भाग लेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की शुरुआत प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से होगी। इससे पहले, 2 जून को सरयू नदी के तट से एक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल रहीं। यह यात्रा सरयू तट से लता चौक, रामपथ, श्रृंगार हाट, हनुमानगढ़ी बाजार, दशरथ महल और रामकोट बैरियर होते हुए रंगमहल बैरियर से यज्ञ स्थल तक पहुंची। चंपत राय ने अपील की है कि यह आयोजन मुख्यतः पूजन केंद्रित है और मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए कोई बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं रखा गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अयोध्या केवल अपनी सुविधानुसार आएं और 5 जून को होने वाले कार्यक्रम में अनावश्यक भीड़ से बचें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आमंत्रण आधारित नहीं है। यह सभी के लिए खुला है, लेकिन हम सभी से अपेक्षा करते हैं कि वे संयम, श्रद्धा और अनुशासन के साथ आएं।






## तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस देश में 3961 सक्रिय मामले

**एजेंसी। नई दिल्ली**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, सोमवार सुबह भारत में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 3,961 थी। इसमें दिल्ली में 47 नए मामलों की एक दिन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। देश भर में 203 नए मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में कोविड-19 से जुड़ी एक और मौत की सूचना मिली, जिससे कुल मौतों की संख्या चार हो गई, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 483 हो गई। देश में 1 जनवरी 2025 से अब तक कई राज्यों में 32 मौतें हुई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रविवार से सक्रिय मामलों की संख्या में 203 नए मामले जुड़े हैं। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित राज्य केरल में 1,435 सक्रिय मामले सामने आए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 506, दिल्ली में 483, पश्चिम बंगाल में 339 और गुजरात में 338 सक्रिय मामले हैं। दिल्ली के अलावा, पिछले 24 घंटों में केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में कोविड से संबंधित एक-एक मौत की सूचना मिली है।

## राहुल गांधी पर सिरसा का तंज 'वे पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सोमवार को जोरदार तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं और चीन से चंदा लेते हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान सिरसा ने राहुल गांधी के साथ कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। पाकिस्तान जो सवाल पूछता है, वही सवाल राहुल गांधी पूछने का काम करते हैं। राहुल गांधी की ओर से पूछे गए सवाल पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर चलाए जाते हैं। सिरसा ने कहा कि देश की जनता देख रही है कि राहुल गांधी देश के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मन में कुछ और ही चल रहा है।दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक सीजफायर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र से सवाल पूछ रही है और मांग कर रही है कि किन परिस्थितियों में सीजफायर करना पड़ा, इसकी जानकारी संसद का विशेष सत्र बुलाकर दें। दिल्ली की भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज हम विभिन्न स्थानों पर नई सड़कों, सीवेज लाइनों और पेयजल आपूर्ति पर काम शुरू करने जा रहे हैं।

# आईएसआई ने भारतीय मोबाइल नंबरों से रची जासूसी की साजिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है। इस मामले में राजस्थान के डीग जिले से दो भाइयों कासिम (34) और हसीन (42) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय सिम कार्ड्स पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटर्स को उपलब्ध कराए, जिनका इस्तेमाल भारत में जासूसी और हनी ट्रैप के लिए किया जा रहा था। जांच में पता चला है कि कासिम और हसीन ने भारतीय मोबाइल नंबरों के वन-टाइम पासवर्ड पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर्स को भेजे। इन नंबरों का उपयोग व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से ऑपरेट करने के लिए किया गया। इसका मकसद रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और सैन्य खुफिया विभाग के अधिकारियों को हनी ट्रैप में फंसाकर संवेदनशील जानकारी हासिल करना था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि ये सिम कार्ड दिल्ली के आनंद पर्वत क्षेत्र से हासिल किए गए थे, जो हसीन के नाम पर जारी थे और कासिम द्वारा पाकिस्तान भेजे गए थे। कासिम ने अगस्त 2024 और मार्च 2025 में पाकिस्तान की दो यात्राएं कीं, जहां वह करीब 90 दिनों तक रहा। इस दौरान उसने आईएसआई हैंडलर्स से जासूसी की ट्रेनिंग ली और संवेदनशील जानकारियां भी भेजी। हसीन पिछले चार-पांच सालों से आईएसआई के संपर्क में था और उसने अपने छोटे भाई कासिम को भी इस गतिविधि में शामिल किया। दिल्ली पुलिस की दो अलग-अलग टीम दोनों भाइयों से पूछताछ कर रही हैं, जिसमें एक जैसे सवाल पूछकर उनके बयानों की सत्यता जांची जा रही है। दोनों का आमना-सामना कराकर भी अहम जानकारी जुटाई जा रही है।दिल्ली पुलिस ने पुष्टि की कि एक डीआरडीओ अधिकारी को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। हसीन को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया। कोर्ट ने पूछा कि क्या यह साइबर फ्रॉड का मामला हो सकता है, लेकिन पुलिस ने पुख्ता सबूतों के साथ इसे जासूसी का मामला बताया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कासिम ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने पहलगाम हमले के बाद अपने फोन से डेटा डिलीट कर दिया था।




## महाराष्ट्र एटीएस ने आतंकवाद से जुड़े मामले में साकिब नाचन के ठिकानों पर मारा छापा

**मुंबई।** महाराष्ट्र एटीएस ने सोमवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में ठाणे के पडघा में छापेमारी की। महाराष्ट्र एटीएस के मुताबिक, साकिब नाचन के घर पर एटीएस की टीम छापेमारी कर रही है। दरअसल, आतंकवाद से जुड़े एक मामले के चलते महाराष्ट्र एटीएस की टीम साकिब नाचन के घर छापेमारी कर रही है। साकिब प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का पदाधिकारी रह चुका है और पहले भी दो आतंकी मामलों में सजायाफ्ता रहा है। वह 2002-2003 में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन, विले पार्ले और मुलुंड बम धमाकों के मामलों में शामिल है। इन आतंकी वारदातों में कई लोगों की जान गई थी।

आरोप है कि 2017 में अपनी सजा पूरी करने के बाद से वह दोबारा कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल हो गया था। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अगस्त 2023 में पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में शामिल साकिब नाचन को गिरफ्तार कर लिया था। साकिब नाचन को नामित विदेशी आतंकवादी संगठन की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कथित सक्रिय भागीदारी के लिए गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में आतंकवाद निरोधक एजेंसी द्वारा की गई यह छठी गिरफ्तारी थी। एनआईए ने एक बयान में कहा था कि ठाणे के पडघा निवासी आरोपी साकिब नाचन को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के निर्माण, प्रशिक्षण और परीक्षण में शामिल पाया गया था। वह जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, सिमाब नसीरुद्दीन काजी, अब्दुल कादिर पठान और कुछ अन्य संदिग्ध आरोपियों के साथ मिलकर काम कर रहा था।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**कर्क :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**सिंह :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मइक्षचतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**कन्या :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**धनु :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

### अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी को वापस धकेलने में गुजरात ने मारी बाजी

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर से 2000 से अधिक बांग्लादेशी वापस भेजे गये

**एजेंसी। गुजरात**

भारत में विभिन्न राज्यों से बांग्लादेशियों की धरपकड़ और उन्हें वापस उनके देश भेजने का अभियान तेजी के साथ जारी है। हम आपको बता दें कि 7 मई की सुबह शुरू हुए "ऑपरेशन सिंदूर" के बाद से अब तक 2000 से अधिक बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों को भारतीय अधिकारियों द्वारा सीमा पार "वापस धकेला" जा चुका है। यह कार्रवाई देशव्यापी दस्तावेज़ सत्यापन अभियान के बाद शुरू की गई। बताया जा रहा है कि इतनी ही संख्या में प्रवासी स्वयं भारत-बांग्लादेश सीमा पर लौटकर स्वेच्छा से पार जाने के लिए पहुंच गए, क्योंकि इस सख्त अभियान से डर का माहौल बन गया है। हम आपको बता दें कि यह सरकारी कार्रवाई त्रिपुरा, मेघालय और असम की सीमाओं पर चल रही है। सूत्रों के अनुसार, गुजरात इस अभियान की शुरुआत करने वाला पहला राज्य था और कुल "वापस धकेले गए" लोगों में से लगभग आधे वहीं से भेजे गए। दिल्ली और हरियाणा ने भी बड़ी संख्या में प्रवासियों को वापस भेजा है, जबकि बाकी असम, महाराष्ट्र और राजस्थान से पकड़े गए हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि यह एक सतत प्रक्रिया है। और अधिक आर्थिक गतिविधियों वाले सभी राज्य दस्तावेज़ों के सत्यापन के बाद ऐसे अवैध प्रवासियों को चिन्हित कर रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि अप्रैल में पहलगाम में हुए हमले के बाद इस दिशा में एक केंद्रित प्रयास शुरू हुआ और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इसमें तेजी आई। गुजरात सबसे पहले कार्रवाई में उतरा, उसके बाद दिल्ली और हरियाणा ने शुरुआत की।

## अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप मामले में अदालत का बड़ा फैसला

**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई की एक विशेष महिला अदालत ने सोमवार को बिरयानी विक्रेता ज्ञानशेखरन को दिसंबर 2024 में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में 19 वर्षीय छात्रा के साथ बलात्कार के मामले में दोषी ठहराते हुए बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। इसने नोट किया कि दस्तावेजी और फोरेंसिक साक्ष्य के आधार पर आरोप साबित हुए थे। न्यायाधीश एम राजलक्ष्मी, जिन्होंने 28 मई को ज्ञानशेखरन को दोषी ठहराया था, ने 11 अलग-अलग आरोपों के तहत सजा सुनाई, जो एक साथ चलेंगे। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले को उचित संदेह से परे साबित कर दिया है।

अभियोजन पक्ष ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), आईटी अधिनियम और तमिलनाडु महिला उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत ज्ञानशेखरन के अपराध को स्थापित करने के लिए दस्तावेजी और फोरेंसिक साक्ष्य पर भरोसा किया। अदालत ने माना कि दिसंबर 2024 की घटना उचित संदेह से परे साबित हुई थी। सजा सुनाए जाने के दौरान, ज्ञानसेकरन ने हल्की सजा की मांग की, यह दावा करते हुए कि वह अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला है। अभियोजन पक्ष ने दलील का विरोध किया और अदालत से अधिकतम सजा देने का आग्रह किया, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के साथ ज्ञानसेकरन के कथित संबंधों की खबरें सामने आने के बाद इस मामले ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया था। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने जनवरी में स्पष्ट किया था कि दोषी व्यक्ति पार्टी का सदस्य नहीं बल्कि समर्थक था। यह घटना तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने 23 दिसंबर, 2024 को कोट्टूरपुरम के ऑल वूमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

## सिक्किम में भूस्खलन से तीन जवानों की मौत, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम के लाचेन जिले में भारतीय सेना का एक कैंप भूस्खलन की चपेट में आ गया। इस हादसे में सेना के तीन जवानों की मौत हो गई है। सेना ने बताया कि इलाके में तेज बारिश के कारण स्थिति काफी खराब हो गई है। भूस्खलन में लापता जवानों की तलाश में बचाव अभियान जारी है। सेना द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि 1 जून की शाम लगभग 7 बजे, लाचेन जिले के चेटेन इलाके में स्थित भारतीय सेना के सैन्य शिविर पर विनाशकारी भूस्खलन हुआ। मूसलधार बारिश को इस भूस्खलन का कारण माना जा रहा है। आपदा के तुरंत बाद भारतीय सेना ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया और विपरीत परिस्थितियों में भी अद्वितीय समर्पण और साहस का परिचय दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।**

पत्रांक......................../मेदिनीनगर, पलामू, दिनांक ......................

अति अल्पकालिन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

-शुद्धि पत्र-

ई.0 निविदा संख्या EE/RDSD/Palamau/F2-01/2025-26 निविदा प्रकाशन किया गया है, जिसका PR No. 353887 है। वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि भूलवश दिनांक 06.06.2026 हो गया है, जो दिनांक 06.06.2026 के बदले दिनांक 06.06.2025 पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू

PR.NO.354038 District(25-26):D

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

शुद्धि पत्र

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 762/जि0अ0, दिनांक 28.05.2025 के माध्यम से निर्गत द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26 के Group No-03 की योजना "ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण" (NIT Reference No/- NIT-04/2025-26/ Gr-03) जिसका PR No.- 353837 है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। NIT के निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 354099 District(25-26)D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Panning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

RATE CONTRACT FOR "SUPPLY OF OPERATIONAL TOOLS & SAFETY EQUIPMENT ITEMS AT VARIOUS LOCATION OF DISTRICT LATEHAR"

The Deputy Commissioner Latehar,Jharkhand invites Online bids for "SLRM Operational Tools & Safety Equipment items at District Collector Office Latehar on rate contract" as detailed below in accordance with enclosed tender document.

1. The salient terms & conditions of the bid are stated below:

| Description | Supply of SLRM Operational Tools & Safety Equipment for Solid Liquid Resource Management (SLRM) on rate contract. |
|---|---|
| Mode of Tender | Online tender (Rate Contract) |
| Type of Bid | 1. Two Stage – Technical bid, followed by display of proposed items of supply by Technically qualified bidders and identification of items by District Planning Office, Latehar; Financial Bid on the pool of identified items. 2. All technically qualified bidders shall remain eligible for being registered with District Planning Office, Latehar on payment of Demand Draft(DD) of Rs. 20 000/-. Quotations will be solicited from time to t ime, from all such registered Vendors, forSLRM Operational Tools & Safety Equipment items, which will be required in addition to the items mentioned in this Rate Contract document. |
| Tender Publishing Date | 03/06/2025 |
| Last date and time for submission of Technical Bid | 11/06/2025upto05.00PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 13/06/2025 at 11:30 AM |
| Sample Demonstration | The sample demonstration will be conducted after the opening of the technical bids at the District Planning Office. (Date : 14.06.2025 at 11:00 AM) |
| Date and time for opening of Financial Bid | 16/06/2025 at 11:00 AM |
| EMD (No exemption) | Rs. 20000/- |
| Period of Contract | One Year from the date of Supply Order and extendable further with the same terms and conditions. |
| Address at which the tenders are to be submitted | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Place of opening tenders | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Mode of submission | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website | Online via: https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |

DISTRICT PLANNINGOFFICER, LATEHAR

PR.NO.354030 Planning and Development(25-26):D

**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

अनुमति वाद संख्या–113/2025

आम इस्तेहार

आवेदक मो0 मुनीर आलम पिता–पच्चु मियां वो कोरैशा बीबी पति–इसमाईल मियां, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 269 | 2034 | 2.11 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा,लातेहार

PR 354080 District(25-26).D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड**
**कार्यालय अधीक्षक,मंडल कारा,लातेहार**
E-Mail ID:-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.latehar@gmail.com
Phone No. 06565-247660

अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना

e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-3/2025/1265

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लातेहार। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। **तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक।** |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | Rs.- 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–12.06.2025 से दिनांक–20.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–12.06.2025 से दिनांक–20.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–21.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–22.06.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD)(Rs.-2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–21.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–22.06.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान | **दिनांक–23.06.2025, को पूर्वाह्न 11.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0–
अधीक्षक,
मंडल कारा, लातेहार

PR 354020 Prison(25-26).D

## कोलोराडो में आतंकी हमले में कई लोग घायल, हिरासत में संदिग्ध

**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।** कोलोराडो के बोल्डर में हुए एक 'टारगेटेड आतंकी हमले' में कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। बोल्डर पुलिस चीफ स्टीफन रेडफर्न ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बोल्डर डिस्पैच को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:26 बजे शहर के काउंटी कोर्टहाउस में हुई घटना की सूचना देने वाले कई कॉल आए। घटनास्थल पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने देखा कि कई लोग झुलसे थे, जबकि कुछ को चोटें आई थीं। 'रन फॉर देयर लाइव्स' के एक ऑर्गेनाइजर ने स्थानीय टेलीविजन स्टेशन केयूएसए को बताया कि हमले में पांच लोग झुलस गए। रिपोर्ट में आयोजक के हवाले से कहा गया कि जब वे 13 एंड पर्ल स्ट्रीट के पास ऐतिहासिक कोर्टहाउस पहुंचे, तो एक व्यक्ति बोतलों के साथ इंतजार कर रहा था। संदिग्ध ने बोतलें फेंकीं, जिससे पांच लोग झुलस गए। इनमें एक महिला भी शामिल थी। यह महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

## ऑपरेशन स्पाइडर वेब के कहर के बाद पुतिन के तेवर पड़े ढीले?

**कीव ।** यूक्रेन ने रूस के अंदर घुसकर चार हजार किलोमीटर अंदर जाकर हमला किया। इस हमले में



रूस के 41 बॉम्बर्स तबाह हो गए हैं। अब तक का ये सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यूक्रेनी अटैक के बाद रूस की तरफ से अमेरिका को कॉल किया गया है। यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब के कारण रूसी हवाई अड्डों में तबाही के बाद सर्गेई लावरोव ने लावरोव ने रुबियो को फोन किया है। सर्गेई लावरोव और मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुर्स्क और ब्रांस्क की घटनाओं की जांच के नतीजे जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे सख्त सजा दी जाएगी। बातचीत के दौरान रुबियो ने हादसे के पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## इटली के माउंट एटना में विस्फोट चारो ओर काला धुआं छाया



**रोम ।** यूरोप के सबसे ऊंचे सक्रिय ज्वालामुखी इटली के माउंट एटना में सोमवार को विस्फोट होना शुरू हो गया। रात को कंपन शुरू होने के बाद सुबह करीब 3:50 बजे विस्फोट यह हुआ। विस्फोट के कारण पूरे इलाके में काला धुआं छा गया यह विस्फोट ज्यादा खतरनाक नहीं था। इसका हवाई यात्रा पर ज्यादा असर नही पड़ा, लेकिन कैटानिया हवाई अड्डे पर कुछ उड़ानें देरी से आईं। एटना में अक्सर विस्फोट होता रहता है और पिछले दो महीनों में कई बार ऐसा हुआ। यह 3,403 मीटर ऊंचा सक्रिय ज्वालामुखी है। अधिकारियों ने घटना के बाद इलाके में कोड रेड जारी कर दिया है।

## बांग्लादेशी करेंसी से शेख हसीना के पिता की तस्वीर हटाई

**ढाका ।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से शेख हसीना के पिता और देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा-नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है। खान ने आगे कहा- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी ऑफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी।

# भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली मिलने में होगी तीन साल की देरी

ब्यूरो



- रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते होगा यह विलंब
- मिलना था 2023 में, अब 2026 में मिलने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत को एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली 2026 से पहले मिलने की संभावना कम है। रूस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उनका कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान इस सिस्टम ने अच्छा काम किया था। एस-400 एक शक्तिशाली मिसाइल सिस्टम है, जो दुश्मन के फाइटर जेट और मिसाइलों को मार गिरा सकता है। भारत ने रूस से पांच एस-400 सिस्टम खरीदने का समझौता किया है, जिनमें से कुछ मिल चुके हैं और बाकी 2026 तक मिलने का भरोसा दिया जा रहा है। भारत में रूस के उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने बताया कि भारत को एस-400 वर्ष 2026 तक मिल जाएगा। रूसी उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच जब तनाव था, तब एस-400 ने बहुत अच्छा काम किया था। उनके अनुसार, इस सिस्टम ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया था। बाबुश्किन ने कहा कि भारत और रूस लंबे समय से एक-दूसरे के साथ सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने यूरोप के हालात का हवाला देते हुए कहा कि रक्षा के क्षेत्र में यह साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि वे एयर डिफेंस सिस्टम पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उनके अनुसार, बाकी एस-400 यूनिट्स का कॉन्ट्रैक्ट समय पर पूरा हो जाएगा।रूसी उप राजदूत कहा, 'मुझे जितना पता है, उसके अनुसार एस-400 यूनिट्स की बची हुई डील समय पर पूरी हो जाएगी। हम एयर डिफेंस सिस्टम पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए इस साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह सब 2025 या 2026 तक हो जाएगा।' भारत ने 2018 में रूस के साथ 5.43 बिलियन डॉलर का समझौता किया था। इसके तहत, भारत को पांच एस-400 मिसाइल सिस्टम मिलने थे। इनमें से तीन सिस्टम पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात किए गए हैं, जो पाकिस्तान और चीन के साथ लगती हैं। दरअसल, जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर अभी सिर्फ स्थगित हुआ है, ऐसे में भारत को इस एयर डिफेंस सिस्टम के जल्द से जल्द आवश्यकता है। भारत को पहला एस-400 मिसाइल सिस्टम दिसंबर 2021 में मिला था, जबकि दूसरा अप्रैल 2022 और तीसरा अक्टूबर 2023 में मिला। इसे देश में ' सुदर्शन चक्र' नाम दिया गया है। यह 380 किलोमीटर की दूरी तक दुश्मन के बम वर्षक विमानों, जासूसी विमानों, मिसाइलों और ड्रोन को मार गिरा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह डील 2023 तक पूरी होने वाली थी, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण सप्लाई में दिक्कतें आईं, जिससे डिलीवरी में देरी हुई।2021 में रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, एस -400 मिसाइल एक बहुत ही शक्तिशाली सिस्टम है। यह एक बड़े इलाके को लगातार और प्रभावी हवाई सुरक्षा दे सकता है। इस सिस्टम के आने से देश की हवाई सुरक्षा क्षमता बहुत बढ़ जाएगी।' ऑपरेशन सिंदूर में यह पूरी तरह से सही साबित हुआ और दुश्मन के हर नापाक हरकतों को समय रहते नाकाम कर दिया गया। एस-400 सिस्टम एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। इसमें विमान, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल शामिल हैं। इसमें मिसाइल लॉन्चर, एक शक्तिशाली रडार और एक कमांड सेंटर होता है। यह लगभग सभी तरह के आधुनिक लड़ाकू विमानों को मार गिरा सकता है। लंबी दूरी की मारक क्षमता के कारण नाटो देश इसे एक बड़ा खतरा मानते हैं।

## चीन ने क्रिप्टोकरेंसी के व्यापार पर लगाई रोक

- चीन के एक निर्णय से क्रिप्टो करेंसी को लगा तगड़ा झटका

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीन ने अमेरिका और उसके कितनी देश व उसके नेताओं को चोट पहुँचाने के लिए क्रिप्टोकरेंसी के व्यापार व माइनिंग पर तो रोक लगाई ही है, साथ ही बिटकॉइन जैसी डिजिटल एसेट्स के व्यक्तिगत स्वामित्व पर भी रोक लगा दी।जिसके बाद बिटकॉइन से लेकर इथेरियम, डॉग कॉइन, सोलाना तक हर बड़ी व छोटी क्रिप्टो धड़ाम हो गई। इनमें 10 फीसदी से ज्यादा तक की गिरावट आई। इससे क्रिप्टो के निवेशकों को तगड़ा रगड़ा लगा।चीन ने जो किया है उसके बाद अब चीन में कोई भी प्राइवेट तौर पर क्रिप्टोकरेंसी नहीं रख सकता। चीन के इस नियम व फ़रमान के बाद क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में भूचाल आ गया। क्रिप्टोकरेंसी के कुल मार्केट कैपिटल में 61 अरब डॉलर की कमी आई। चीन के इस कदम से निवेशकों का उत्साह कम हुआ है। डर के कारण लोगों ने क्रिप्टो बेचना शुरू कर दिया, जिससे मार्केट में गिरावट आई। चीन अपनी सरकारी डिजिटल करेंसी को बढ़ावा देना चाहता है। इसलिए क्रिप्टोकरेंसी पर सख्ती कर रहा है। चीन प्राइवेट क्रिप्टो होल्डिंग्स पर रोक लगाकर फाइनेंशियल फ्लो पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। इससे उसकी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को अपनाने की गति बढ़ सकती है। कॉइन मार्केट कैप वेबसाइट के मुताबिक बीते शनिवार सुबह 10:30 बजे कई क्रिप्टोकरेंसी को 24 घंटे में 10 % से ज्यादा का नुकसान हो चुका था। बाद में कुछ रिकवरी हो गई।बिटकॉइन 2 % से ज्यादा के नुकसान के साथ 1.03 लाख डॉलर पर कारोबार कर रही थी। इसी प्रकार इथेरियम में भी 4 % से ज्यादा की गिरावट आई। रिपल भी करीब 4 % की गिरावट पर कारोबार कर रही थी। सोलाना में 24 घंटे में 6% से ज्यादा की गिरावट आई। इस गिरावट से डॉग कॉइन भी नहीं बची। इस क्रिप्टो में करीब 9 % की गिरावट आई है। वहीं सुई क्रिप्टो में 24 घंटे में 10 % से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। पाई नेटवर्क में भी करीब 10 % की गिरावट आई। दूसरी ओर कुछ ऐसी भी क्रिप्टोकरेंसी रहीं जिन पर चीन के बैन का कोई खास असर नहीं पड़ा। इन्होंने 24 घंटे में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया। इसमें क्रोनोस सबसे आगे रही। इस क्रिप्टो ने 24 घंटे में निवेशकों को करीब 16 % रिटर्न दिया है। पिछले एक घंटे में क्रिप्टो में कुछ तेजी दिखाई दी है। 24 घंटे में जो नुकसान हुआ था, हो सकता है कि उसकी भरपाई जल्दी हो जाए।

### ट्रंप के डर से हांकू नेताओं सहित उद्योगपति मस्क भी हुए हलकान

## भारत में टेस्ला की फैक्ट्री लगाने के निर्णय से पीछे हटे एलन मस्क

- मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बताया - मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन, स्कोडा, हुंडई, किआ ने भारत में फैक्ट्री लगाने में दिखाई है रुचि

ब्यूरो


**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी और 25 प्रतिशत टैक्स लगाने की धौंस के डर से उनके यार व विश्व के सबसे धनी व्यवसायी एलन मस्क ने भारत में अपनी कार कंपनी टेस्ला की फैक्ट्री लगाने के निर्णय से पीछे हट गये। अब मस्क भारत में केवल 2 शोरूम खोलेंगे ,और अमेरिका से बनी बनाई कार लाकर उसमें रखेंगे , बेचेंगे। इसकी पुष्टि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कर दी । एचडी कुमारस्वामी के अनुसार, टेस्ला की भारत में शोरूम शुरू करने में ज्यादा रुचि है, यहां मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने में नहीं। इस घोषणा के साथ ही मंत्री ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नई दिशानिर्देशों की शुरुआत की। इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला की भारत में एंट्री पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर टेस्ला भारत में कारखाना स्थापित करने का निर्णय लेती है तो यह अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स के लिए 'अनुचित' होगा। एलन मस्क अमेरिकी राजनीति में संभावित बदलावों को लेकर चिंतित हैं। यही वजह है कि टेस्ला की भारत में एंट्री को लेकर उनके दावे फिलहाल ठंडे पड़ गए हैं। एचडी कुमारस्वामी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया, 'टेस्ला... वे केवल शोरूम शुरू करने में अधिक (इच्छुक) हैं। वे भारत में मैन्युक्चरिंग (शुरू) करने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब मंत्री भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नई पॉलिसी के दिशा निर्देश जारी कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि टेस्ला ने इस योजना पर हितधारक चर्चाओं के केवल पहले दौर में भाग लिया था। अधिकारी ने कहा, 'अब तक उन्होंने (टेस्ला) रुचि नहीं दिखाई है।इस बीच, मर्सिडीज-बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंडई व किआ जैसी अन्य विदेशी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी दिखाई है। एचडी कुमारस्वामी ने बताया कि मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन, स्कोडा, हुंडई, किआ, इन सभी कंपनियों ने पहले ही रुचि दिखाई है। वैश्विक ऑटो दिग्गजों से यह रुचि भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना पर सरकार और उद्योग के बीच चल रही चर्चाओं के बीच आई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारी उद्योग मंत्रालय के पास 15 मार्च, 2026 तक आवश्यकतानुसार आवेदन विंडो खोलने का अधिकार होगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक भारत में बेचे जाने वाले सभी वाहनों में से 30% इलेक्ट्रिक वाहन हों। इस हासिल करने के लिए सरकार को इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में निवेश को आकर्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। उधर मोदी के यार डोनाल्ड ट्रंप 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के तहत अमेरिकी कंपनियों को अमेरिका में ही मैन्युफैक्चरिंग के लिए दबाव बना रहे हैं। उन्होंने आईफोन बनाने वाली ऐपल को भी धमकी दी थी।



## 'दूसरों के साथ वैसा नहीं करें, जैसा आप नहीं चाहते कि आपके साथ हो'

### चीन ने पाकिस्तान को सहायता देने के लिए भारत के खिलाफ ब्रह्मपुत्र का पानी रोकने की धमकी दी

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** बीजिंग स्थित सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के उपाध्यक्ष विक्टर झिकाई गाओ ने भारत की कमजोरी को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि इसी तरह के प्रतिशोधात्मक उपाय किए जाते हैं तो उसे "कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है"। ब्रह्मपुत्र भारत के लगभग एक तिहाई मीठे पानी के भंडार व इसकी 40% से अधिक जलविद्युत क्षमता का स्रोत है। जैसे-जैसे भारत व पाकिस्तान के बीच जल-बंटवारे को लेकर तनाव गहराता जा रहा है, चीन ने इसमें एक और भयावह परत जोड़ दी है। बीजिंग स्थित सेंटर फॉर चाइना एंड ग्लोबलाइजेशन के उपाध्यक्ष विक्टर झिकाई गाओ ने भारत को एक स्पष्ट चेतावनी जारी की है- "दूसरों के साथ वैसा न करें जैसा आप नहीं चाहते कि आपके साथ हो।" इंडिया टुडे के साथ एक साक्षात्कार में दी गई उनकी चेतावनी ने ब्रह्मपुत्र पर बीजिंग की अपनी रणनीतिक पकड़ का संकेत दिया, जो भारत की जल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण नदी है। भारत द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के बाद के संदर्भ में गाओ ने यह बात कही है। गाओ ने यह चेतावनी तीन बार दोहराई जब उनसे पूछा गया कि क्या चीन अपने "सदाबहार मित्र" पाकिस्तान के समर्थन में ब्रह्मपुत्र के पानी को हथियार बना सकता है। उन्होंने एक मध्यधारा राष्ट्र के रूप में भारत की कमजोरी को रेखांकित किया, यह सुझाव देते हुए कि इसी तरह के जवाबी उपाय होने पर इसे "कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है"। सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का निर्णय जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दंडात्मक प्रतिक्रियाओं के पैकेज का हिस्सा था। 1960 में हस्ताक्षरित यह संधि भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु बेसिन की छह नदियों के उपयोग और वितरण को नियंत्रित करती है। इस बीच, इंडिया टुडे द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) जांच से चीन की ओर से चिंताजनक चुप्पी का पता चला है। 2022 से, बीजिंग ने ब्रह्मपुत्र जैसी सीमा पार की नदियों पर महत्वपूर्ण जल विज्ञान संबंधी डेटा साझा करना बंद कर दिया है। यह चूक पहले के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की समाप्ति — और नवीनीकरण न होने — के बाद हुई है। यह ब्लैकआउट तिब्बत में चीनी मेगा-बांध निर्माण में तेजी के साथ मेल खाता है, जिससे भारत को महत्वपूर्ण अपस्ट्रीम प्रवाह डेटा से उस समय वंचित कर दिया गया है, जब उसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। ब्रह्मपुत्र भारत के लगभग एक तिहाई मीठे पानी के भंडार और इसकी पनबिजली क्षमता के 40% से अधिक का समर्थन करता है। अपस्ट्रीम मेट्रिक्स तक पहुंच के बिना, भारत विशेष रूप से पूर्वोत्तर में बढ़े हुए पारिस्थितिक, आर्थिक और रणनीतिक जोखिमों के संपर्क में है। 6 जनवरी, 2025 को, चीन ने भारतीय सीमा के पास तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत बांध बनाने की योजना की फिर से पुष्टि की। हालांकि चीन का दावा है कि 137 बिलियन डॉलर (11.9 लाख करोड़ रुपये) की इस परियोजना का कठोर वैज्ञानिक आकलन किया गया है और इससे निचले देशों को कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन भारत की पूर्वोत्तर सीमा से इसकी निकटता - जो पहले से ही क्षेत्रीय तनाव का क्षेत्र है - भू-राजनीतिक चिंताओं को गहरा करती है। रणनीतिक गणना में इजाफा करते हुए, पाकिस्तान इस बांध परियोजना को एक रणनीतिक लाभ के रूप में देखता है, जो न केवल चीन के साथ उसके गठबंधन को मजबूत करता है बल्कि भारतीय क्षेत्रीय प्रभाव के प्रति संतुलन के रूप में भी कार्य करता है। ब्रह्मपुत्र या तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो के रूप में जाना जाता है, कैलाश पर्वत के पास से शुरू होती है और गंगा में मिलने से पहले चीन, भारत और बांग्लादेश से होकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

# अपने आप को निखारने के लिए करीना कपूर खान ने बदल डाला अपना शेड्यूल

साल में चार से पांच फिल्में करने से लेकर चुनिंदा भूमिकाएं चुनने और सालाना एक या दो प्रोजेक्ट में अभिनय करने तक, करीना कपूर खान ने दो बेटों - तैमूर अली खान और जेह अली खान की मां बनने के बाद काम करने के अपने तरीके में काफी बदलाव किया है।

साल में चार से पांच फिल्में करने से लेकर चुनिंदा भूमिकाएं चुनने और सालाना एक या दो प्रोजेक्ट में अभिनय करने तक, करीना कपूर खान ने दो बेटों - तैमूर अली खान और जेह अली खान की मां बनने के बाद काम करने के अपने तरीके में काफी बदलाव किया है। हाल ही में एक बातचीत में, करीना ने स्वीकार किया कि अब काम की मात्रा से ज़्यादा गुणवत्ता पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता है और वह युवा अभिनेताओं की तरह भूमिकाएँ निभाने के दौर से बाहर आकर खुश हैं। उन्होंने अपने शेड्यूल में शामिल जीवनशैली में बदलावों के बारे में भी बात की, जिसमें पति सैफ अली खान और बेटों के साथ परिवार के साथ समय बिताना प्राथमिकता है। नोड पत्रिका के साथ बातचीत के दौरान, करीना ने स्वीकार किया कि पू (कभी खुशी कभी ग़म में) और गीत (जब वी मेट में) जैसे उनके "जीवंत और जीवंत" किरदार लोगों के बीच लोकप्रिय रहे हैं, लेकिन उन्हें ऐसे किरदार निभाने में "सच्ची खुशी" मिलती है जो उन्हें खुद को चुनौती देने की अनुमति देते हैं। उन्होंने आगे कहा, "मुझे कई अलग-अलग तरह की फिल्में करने का सौभाग्य मिला है, कई तरह की भूमिकाएँ निभाने का मौका मिला है। और अब भी, मुझे ऐसा नहीं लगता कि यह काफी है। मैं कभी यह महसूस नहीं करना चाहती कि मैंने सब कुछ कर लिया है। नॉड मैगज़ीन को दिए एक इंटरव्यू में, करीना कपूर ने दो बेटों, तैमूर और जेह की माँ बनने के बाद काम के प्रति अपने बदले हुए नज़रिए के बारे में खुलकर बात की।






# मेरे और मेरे परिवार पर हमले और चरित्र हनन लिए सुपारी दे रही सरकार : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार मेरे और मेरे परिवार,मेरे करीबियों पर हमला करने के लिए अपराधियों को सुपारी दे रही।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस प्रदेश में केवल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नहीं, बल्कि उन लाखों झारखंडवासियों की आवाज़ बनकर उपस्थित हुए हैं जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं। श्री मरांडी ने कहा कि उन्हें कुछ विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त हुई है, जिसके अनुसार झारखंड सरकार के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े कुछ अत्यधिक भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के अधिकारी उनके, उनके परिवार और उनके निकट लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रचने में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है और वे उन्हें डराने-धमकाने के लिए संगठित योजनाओं का सहारा ले रहे हैं, जिनमें हमले की साजिश से लेकर, झूठे मुकदमे, चरित्र हनन, और फर्ज़ी स्टिंग ऑपरेशन तक की तैयारी शामिल है।

श्री मरांडी ने कहा कि सरकार उनके खिलाफ इसलिए सक्रिय हो गई है क्योंकि उन्होंने अनेक घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों को सार्वजनिक रूप से उजागर किया है। इनमें छत्तीसगढ़-झारखंड शराब घोटाला, बालू, पत्थर, ज़मीन और कोयले के अवैध खनन एवं तस्करी से जुड़े रैकेट, जेएसएससी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताएं, और ग्रामीण योजनाओं के नाम पर हो रही वित्तीय लूट शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि जब उन्होंने इन मुद्दों को जनहित में प्रमुखता से उठाया, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों को उनकी सक्रियता असहज करने लगी।

कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके कुछ करीबी अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने संदेश दिया कि यदि उन्हें लगता है कि धमकियों, स्टिंग ऑपरेशनों या फर्जी मुकदमों के ज़रिए उन्हें डराया जा सकता है, तो वे भारी भूल कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि वे कम बोलने वाले व्यक्ति हैं, लेकिन डरने वालों में से नहीं हैं।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जब उग्रवादियों के हाथों उन्होंने अपने जवान पुत्र को खोया था, तब भी वे न झुके थे, न रुके थे—ऐसे में इन कायराना और नीच साज़िशों से उन्हें डिगाना असंभव है।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि यह समय है कि राज्य की जागरूक जनता और मीडिया इन षड्यंत्रों को पहचाने और लोकतंत्र की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाए। उनके अनुसार, विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के मूलभूत मूल्यों का घोर अपमान है, और यह लड़ाई अब केवल उनकी नहीं, बल्कि झारखंड के हर नागरिक की लड़ाई है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि झारखंड को अब डराने और दबाने की राजनीति नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है।

अंत में उन्होंने यह संकल्प दोहराया कि जब तक इस राज्य में एक भी न्यायप्रिय आवाज़ जीवित है, तब तक वे कभी झुकेंगे नहीं।

## सस्ती लोकप्रियता के लिए हथकंडे अपना रहे बाबूलाल मरांडी : झामुमो



**रांची।** झामुमो ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए उन आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने अपनी जान पर खतरा और सरकार द्वारा गलत मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका जताई है। झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने इन आरोपों को हास्यास्पद बताते हुए इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा करार दिया है। आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें ऐसे छिछले और आधारहीन आरोप लगाने से पहले अपनी गरिमा और जिम्मेदारी का ध्यान रखना चाहिए। यह स्पष्ट है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता और जनहितकारी नीतियों से वे निराश और हताश हैं। उन्होंने आगे कहा कि मरांडी का यह रवैया झारखंड की प्रगति के खिलाफ है। जब राज्य सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है तो मरांडी परेशान हो उठते हैं। वे एंटी करप्शन ब्यूरो को सवाल भेजने लगते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि एक स्वतंत्र जांच एजेंसी को संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा प्रश्न भेजना कहां तक उचित है? यह सीधे-सीधे निष्पक्ष जांच में लगे सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाने की चाल है। जब सरकार रांची में रिम्स-2 अस्पताल जैसे जनकल्याणकारी प्रोजेक्ट्स को लागू करने के लिए कदम उठाती है, तो मरांडी और उनकी पार्टी भाजपा के नेता इसका विरोध करते हैं। यह नेता प्रतिपक्ष का काम नहीं है। झारखंड की जनता विकास चाहती है, न कि बाधा उत्पन्न करने वाली सियासत। विनोद कुमार पांडेय ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार जनता के हित में पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने जेएसएससी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की है और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कदम उठाए हैं। मरांडी के आरोप न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

## सीएम हेमंत सोरेन से कई जिलों के आईपीएस मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी दुमका शैलेंद्र कुमार सिन्हा, आईजी बोकारो क्रांति कुमार गडिदेशी, डीआईजी पलामू नौशाद आलम अंसारी, एसएसपी धनबाद प्रभात कुमार, एसएसपी जमशेदपुर पीयूष पांडेय, एसपी बोकारो हरविंदर सिंह, एसपी पाकुड़ निधि द्विवेदी एवं एसपी जामताड़ा राजकुमार मेहता ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## मुख्यमंत्री से मिले कई जिलों के उपायुक्त



**रांची।** मुख्यमंत्री से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उपायुक्त देवघर नमन प्रियेश लकड़ा, उपायुक्त धनबाद आदित्य रंजन, उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज, उपायुक्त गढ़वा दिनेश कुमार यादव एवं उपायुक्त खूंटी आर रॉनिटा, उपायुक्त चतरा कीर्तिश्री एवं उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह सभी की शिष्टाचार भेंट थी।

## टीएसपीसी के 2 उग्रवादियों को रांची पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग जिले के कई इलाके में एक के बाद एक लगातार कई कांड को अंजाम देने वाले तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के 2 उग्रवादियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम सुमित लहरी और मनु सिंह उर्फ अभिमन्यू कुमार सिंह हैं। दोनों को एक पिस्टल, 2 कारतूस, एक चिड़िया मारने वाले हथियार और टीएसपीसी के दो पर्चा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन्हें बिंजा गांव से पकड़ा गया है। इनमें से एक हजारीबाग का रहने वाला है, तो दूसरा रांची जिले का। पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देश पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर यह कार्रवाई की गई। बुढ़मू थाना कांड संख्या 38/25 के आरोपी हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र के हेंदेगिर रेलवे स्टेशन निवासी सुमित लहरी और बुढ़मू थाना क्षेत्र के बिंजा निवासी मनु सिंह उर्फ अभिमन्यू कुमार सिंह को बिंजा गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रांची के एसएसपी को सूचना मिली थी कि सुमित बिंजा क्षेत्र में कहीं अपना इलाज करा रहा है। इसी सूचना के आधार पर टीम का गठन कर बिंजा गांव में छापेमारी कर सुमित लहरी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। सुमित लहरी के दाहिने पैर में प्लास्टर लगा था। सुमित की निशानदेही पर बिंजा गांव से ही मनु सिंह उर्फ अभिमन्यू कुमार सिंह को एक पिस्टल, दो गोली, एक चिड़िया मारने वाले हथियार और टीएसपीसी के दो पर्चे के साथ गिरफ्तार किया गया।

### तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस समारोह, राज्यपाल बोले

## विविधता में एकता है हमारी पहचान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजभवन में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में 'तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड में रहने वाले तेलंगाना के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत राजभवन में विभिन्न प्रदेशों का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से हम आपसी समरसता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को और सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण करते हुए राज्यपाल सचिवालय के अपर सचिव एके सत्यजीत ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सभी को एक-दूसरे की संस्कृति समझने का अवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर मूल रूप से तेलंगाना के रहने वाले लोगों ने भी अपनी संस्कृति, भाषा, धर्म और परंपराओं के बारे में बताया। उन्होंने राजभवन की पहल के प्रति आभार जताया।




### तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला प्रदेश है

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि तेलंगाना राज्य का गठन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जो एक लंबे जन आंदोलन और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक रहा है। इस राज्य ने कम समय में कृषि, उद्योग, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने बथुकम्मा, बोनालू जैसे लोक पर्वों और चारमीनार, रामप्पा मंदिर जैसी धरोहरों का उल्लेख करते हुए कहा कि तेलंगाना एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाला प्रदेश है। झारखंड में रहने वाले तेलंगाना मूल के लोगों की विविध क्षेत्रों में सक्रियता की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हम विभिन्न प्रदेशों के लोग भारत की साझी संस्कृति और राष्ट्रीय एकता में दृढ़ विश्वास करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा-भाव से कार्य करें, ताकि न केवल राज्य, बल्कि राष्ट्र की उन्नति में भी योगदान दे सकें।

## गुमला की आदिवासी किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

### वाहन और मोबाइल फोन जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के रातु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरगु स्थित मंत्री होटल के पास 16-17 वर्ष की एक किशोरी के मिलने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। सूचना मिलने पर तत्काल एसएसपी और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) को सूचित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मु.) द्वितीय के नेतृत्व में रातु थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशोरी को थाने लाया और महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा उसकी बयानबंदी कर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। बयान के अनुसार, किशोरी 30 मई को गुमला से दिल्ली जाने के लिए घर से निकली थी और हटिया स्टेशन पहुंची थी। लेकिन मां के आग्रह पर उसने दिल्ली न जाकर गुमला लौटने का निर्णय लिया। इसी क्रम में उसने एक किराए का ऑटो लिया,



जिसमें चालक ने उसे गुमला छोड़ने का भरोसा देकर रास्ता बदल दिया। ऑटो चालक किशोरी को बहला-फुसलाकर विभिन्न स्थानों से होते हुए एक अन्य साथी के साथ चान्हो थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौड़ा गांव के एक सुनसान इलाके में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद 31 मई की सुबह करीब 4 बजे आरोपी उसे ग्राम मुरगु स्थित मंत्री होटल के पास छोड़कर फरार हो गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तकनीकी शाखा की सहायता से पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त ऑटो, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है।

## हेहल पावाटोली में जोहार भवन बनेगा : संजय सेठ



**रांची।** प्रमुख संवाददाता केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने सोमवार को हेहल पावाटोली में पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में उन्होंने वहां सामुदायिक (जोहार) भवन का निर्माण कराने व बुनियादी सुविधा बहाल करने की घोषणा की। मुहल्ले के लोगों ने रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत किया। बताया गया कि पिछले 30 साल से पावाटोली में कच्ची सड़क थी, जिस कारण वहां रहने वाले लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी होती थी। पक्का पहुंच पथ तैयार होने पर स्थानीय लोगों ने मंत्री का आभार जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई को

## केंद्रीय कानून मंत्री व संजय सेठ रहेंगे उपस्थित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास मे जाकर भेंट की। वहीं 6 जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसोर्ट मे आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन मे आने के लिए आमंत्रित किया। अर्जुन राम मेघवाल एवं संजय सेठ ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए अधिवेशन में अपने आने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका, रांची जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं संजय सेठ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान दिया। वहीं कहा कि धनबाद में आयोजित मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आने की सहमति प्राप्त होने से मारवाड़ी समाज के लिए गौरव की बात है। 6 जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसोर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र- 2025-27 के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## चौकीदार बहाली के अभ्यर्थियों से मिली दीपिका पांडे सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मंत्री दीपिका पांडे सिंह के खरौंधी स्थित आवास पर सोमवार को गोड्डा में चौकीदार बहाली का इंतज़ार कर रहे युवाओं से मुलाकात की। इस दौरान उनके संघर्ष और धैर्य को महसूस करते हुए आश्वस्त किया कि उनके हक और अधिकारों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। इस लड़ाई में हम सब पूरी मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।

## बाबूलाल मरांडी के खिलाफ साजिश चिंताजनक : सांसद आदित्य साहू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने आज हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बाबूलाल मरांडी पर हमला की साजिश रचे जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हिम्मत है तो बाबूलाल मरांडी को छू कर दिखाए राज्य सरकार। कहा कि यह बेहद चिंताजनक है और लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है।

कहा कि झारखंड की भ्रष्ट सरकार के मुख्यमंत्री और उनके चहेते अफसरों द्वारा सरकार मिलकर



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और उनके परिवार को डराने, धमकाने और उन पर हमले की साज़िश रच रहे हैं।

कहा कि यह राज्य सरकार सत्ता मद में डूब चुकी है। भ्रष्टाचार और अपराध ही इसके हाथ पैर बन गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आग से खेलने की कोशिश कर रहे। यह भस्मासुर उनके सिर पर ही हाथ रखकर उन्हें भस्म करेगा। कहा कि यह लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। यह विपक्ष की आवाज़ को दबाने की घिनौनी कोशिश है।

हम स्पष्ट चेतावनी देते हैं कि अगर बाबूलाल मरांडी या उनके परिवार के किसी भी सदस्य को एक खरोंच भी आती है, तो झारखंड की जनता, भाजपा का हर कार्यकर्ता और हम सब मिलकर सड़कों पर उतरेंगे और झारखंड को जलने से कोई नहीं बचा सकता है। ये लड़ाई सिर्फ बाबूलाल मरांडी की नहीं, ये लड़ाई हर उस व्यक्ति की है जो लोकतंत्र और सच के साथ खड़ा है।

### वर्तमान में ज्यादा गिरी विकास दर : किशोर

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि बीते वित्तीय वर्ष में देश की विकास दर में बड़ी गिरावट का आंकड़ा सांख्यिकी मंत्रालय ने 30 मई को जारी किया है। वित्त वर्ष 2024 में देश की विकास दर 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। यह एक तेजी से दौड़ती विकास दर थी, परन्तु 2025 में देश के विकास की रफ्तार धीमी हो गई है। शाहदवे ने कहा कि नोटबंदी और कोरोनाकाल में भी विकास दर में इतनी बड़ी गिरावट दर्ज नहीं की गई थी।

## कांग्रेस के प्रखंड स्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के आगामी प्रखंड स्तरीय संगठन सृजन मासिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर तिथि तय की गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रखंड स्तरीय संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में सभी कांग्रेसजनों को कमर कस लेनी होगी। उन्होंने संगठन की मजबूती एवं प्रखंड, मंडल, पंचायत से लेकर बूथ तक को मजबूत बनाने की बात कही। बैठक में कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, प्रदेश मिडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजिनी, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, बेलस तिर्की, अर्चना मिश्रा के साथ-साथ मुख्य रूप से जिला कमेटी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष शामिल हुए।

**प्रखंड स्तरीय संगठन सृजन कार्यक्रम**

04 जून - तमाड़ 05 जून - बुढ़मू 09 जून - खलारी 10 जून -मांडर, चान्हो 11 जून -नगड़ी, रातू 12 जून -ओरमांझी, बुंडू 14 जून -सिल्ली, इटकी, अनगड़ा, बेड़ो 15 जून -राहे, सोनाहातू 16 जून - नामकुम, कांके 17 जून - लापुंग।

# अबुआ सरकार का सुनहरा सपना सुरक्षित, स्वस्थ और शिक्षित बेटियां

अबुआ सरकार हर माहौल में राज्य की बेटियों की सुरक्षा, बेहतरीन स्वास्थ्य और सम्पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के फलस्वरूय स्कूलों में ड्रॉपआउट दर बालिकाओं में काफी कम हुई है और बाल शिवह जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। बाल विवाह की दर में 5.7% की कमी आई है जबकि साट्रीय स्तर पर इसमें सिर्फ 3.5%, की ही कमी परिलधित हुई है। इसके साथ-साथ राज्य के लिंगानुपात में भी सुधार हुआ है। वर्ष 2024-25 में 7 लाख 36 हजार से अधिक बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत अनुआ सरकार द्वारा 424 करोड़ 27 लाख से अधिक अनुदान राशि प्रदान किया गया है, जिससे झारखंड की बेटियों




शिक्षा के साथ सशक्त हो रही है और अपने सपनों के साथ ऊँची उड़ान भरने हेतु तैयार हो रही है।

साल 2023 से राज्य के सभी जिलों में चल रही "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" (BBBP) योजना के तहत बालिकाओं एवं किशोरियों को सबल बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जागरूकता अभियान, कार्यक्रम, और बेटियों को सरकार की कई योजनाओं से जोड़ कर सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के अन्तर्गत समाज कल्याण निदेशालय, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा लगभग 10 लाख से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों को भ्रूण हत्या की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था का पंजीकरण, स्कूलों में बच्चियों का नामांकन, स्कूल छोड़ने वाली बच्चियों का पुनः नामांकन, उनके कौशल विकास एवं मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन आदि के विषय पर 50 हजार से अधिक जन-जागरूकता मतिविधियां पूरे राज्य में आयोजित की है।

राज्य भर में बेटियों के जन्मोत्सव पर 21,215 पौधों का पौधरोपण किया गया। साथ ही इस वर्ष पूरे राज्य में बेटियों के जन्मोत्सव पर 10,800 उपहार फिट कर ली वितहत किया गया है। इन प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे बाल विवाह, बालिका शिक्षा दर, कुपोषण आदि पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। इस अथक प्रयास के फलस्वरूप झारखंड ने लिंग अनुपात में 2 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इस वर्ष बेटी बपाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं बिष्ट के अवसर पर सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा किशोरियों और बालिकाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित एवं पुरुभूत किया गया है। अबुआ झारखंड की सभी बेटियों को समाप्त अवसर, बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर संभव प्रयासरत है। समाज कल्याण निदेशालय इस योजना के सपल कियान्वयन, इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ राज्य की सभी बेटियों को सबल एवं समर्थ बनाने के लिए लगातार तत्पर है।

## पृष्ठ एक के शेष

**रजित गुप्ता को एआईआर 1...**

वडलमूड़ी लोकेश ने दसवीं रैंक प्राप्त की है। आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 16 के साथ महिला टॉपर बनी हैं। ज्ञात हो कि जेईई एडवांस्ड देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें लाखों छात्र हिस्सा लेते हैं। जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा 18 मई 2025 को दो पालियों में आयोजित हुई थी। परीक्षा में कुल 1 लाख 90 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परीक्षा कुल 360 अंकों की थी, जिसमें पेपर-1 और पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। यह परीक्षा देश के 222 शहरों के अलावा काठमांडू और दुबई सहित कुल 224 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। जेईई एडवांस्ड 2025 का आयोजन इस बार आईआईटी कानपुर द्वारा किया गया।

इस वर्ष काउंसलिंग जेईई एडवांस्ड 2025 के माध्यम से देशभर के 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपल आईटी और 47 जीएफटीआई संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में संपन्न होगी। काउंसलिंग 3 जून से 28 जुलाई के बीच कुल छह चरणों में आयोजित की जाएगी। जेईई एडवांस्ड 2025 की कटऑफ प्रतिशत के रूप में भी जारी की गई है। यह इसलिए जारी की गई है कि परीक्षार्थियों को यह समझने में आसानी हो कि उन्हें कुल अंकों में से कितना प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य था। इस वर्ष कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) के लिए न्यूनतम कटऑफ 20.56 प्रतिशत रही है। वहीं, ओबीसी-एनसीएल और जनरल ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए यह कटऑफ 18.50 प्रतिशत तय की गई है। एससी और एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह न्यूनतम योग्यता प्रतिशत 10.28 प्रतिशत रही।

**तीनों सेनाओं के पराक्रम...**

की सेना का मनोबल टूटा, बल्कि देश भी टूटने के कगार पर आ गया है। हम अपनी सेना की बहादुरी के आगे नतमस्तक है। आतंक के रहनुमाओं का मुंह काला हुआ और वह औंधे मुंह गिरे। यह सब हुआ हमारे सैन्य बलों के दृढ़ निश्चय के कारण। यह साबित हो गया कि दल से बड़ा देश है।

# मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे टी20 फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगे और 2026 में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप तक खेलते रहने की उम्मीद है। 36 वर्षीय मैक्सवेल ने यह ऐलान 'द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट' में एक लंबे इंटरव्यू के दौरान किया। उन्होंने बताया कि 2022 में पैर टूटने के बाद वनडे क्रिकेट उनके शरीर पर भारी पड़ रहा था। इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी उन्हें काफी थकान महसूस हुई।



**2023 वर्ल्ड कप** में नीदरलैंड्स के खिलाफ मात्र 40 गेंदों में शतक

**2023 वर्ल्ड कप** फाइनल में रोहित शर्मा का अहम विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी।

**टी20 में जारी रखेंगे करियर**

## रिकॉर्ड्स भले ही सामान्य लगें लेकिन स्ट्राइक रेट में सब पर भारी

मैक्सवेल ने 149 वनडे मैचों में 33.81 की औसत से 3990 रन बनाए और 77 विकेट लिए। हालांकि उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनका विस्फोटक अंदाज – 126.70 का स्ट्राइक रेट, जो एंड्रे रसेल के बाद ओडीआइ इतिहास का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। 2000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में यह सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है। 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रन की पारी ने उन्हें अमर बना दिया। यह न केवल ऑस्ट्रेलिया की ओर से पहला दोहरा शतक था, बल्कि किसी भी बल्लेबाज द्वारा रन चेज़ में बनाया गया पहला दोहरा शतक भी था

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने जताया आभार

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, "ग्लेन वनडे इतिहास के सबसे डाइनामिक खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका बैटिंग टैलेंट, गेंदबाज़ी में योगदान और फील्डिंग में ऊर्जा अतुलनीय रही है।" क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, "ग्लेन की विस्फोटक बल्लेबाज़ी ने दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता।

### टी20 में नजरें और यूएसए की लीग पर फोकस

मैक्सवेल फिलहाल आईपीएल में चोटिल होकर बाहर हुए थे, लेकिन जल्द ही अमेरिका में होने वाली मेजर लीग क्रिकेट के लिए फिट हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम भी जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर जाएगी, जिसमें उनके शामिल होने की संभावना है।

फाइनल में भिड़ेंगी आरसीबी और पंजाब किंग्स

# आज आईपीएल 2025 को मिलेगा नया चैंपियन

- अहमदाबाद में होगा खिताबी मुकाबला
- दोनों टीमें पहली बार जीत के लिए करेंगी जंग
- चौथी बार फाइनल खेलेगी आरसीबी
- दूसरी बार फाइनल में पहुंची पंजाब किंग्स

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) को आठ साल बाद नया चैंपियन मिलने जा रहा है। रविवार रात अहमदाबाद में हुए क्वालिफायर-2 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बना ली। अब 3 जून को फाइनल मुकाबले में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। खास बात यह है कि आईपीएल के इतिहास में न तो आरसीबी और न ही पंजाब कभी खिताब जीत पाई हैं। ऐसे में इस बार ट्रॉफी किसी नई टीम के नाम होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह चौथा आईपीएल फाइनल होगा । इससे पहले टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन तीनों बार हार का सामना करना पड़ा। 2009 में डेक्कन चार्जर्स, 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों उन्हें खिताब गंवाना पड़ा था।

पंजाब किंग्स (पूर्व नाम किंग्स इलेवन पंजाब) दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा था।



## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में हराकर सीरीज जीती

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज़ जो रूट की नाबाद 166 रन की शानदार पारी की बदौलत मेज़बान टीम ने रविवार को कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ रूट ने न सिर्फ अपना 18वां वनडे शतक लगाया, बल्कि वनडे क्रिकेट में 7,000 रन भी पूरे कर लिए। जो रूट ने 139 गेंदों पर 166 रन बनाए और टीम को संकट से निकालते हुए जीत दिलाई। इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम सिर्फ 2 रन पर अपने दोनों ओपनर-जेमी स्मिथ और बेन डकेट-को खो बैठी थी। कप्तान हैरी ब्रूक (47) और फिर रूट ने पारी को संभाला। रूट ने विल जैक्स (49) के साथ 143 रन की साझेदारी की और फिर निचले क्रम के बल्लेबाज़ों के साथ मिलकर टीम को 7 गेंद बाकी रहते जीत दिला दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। 18 साल के ओपनर ज्वेल एंड्रयू खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद ब्रैंडन किंग (59) और कीसी कार्टी (103) ने 141 रन की तेज़ साझेदारी कर पारी को संभाला।

## एक नजर

### श्रीहरि नटराज ने 200मी. फ्रीस्टाइल में बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' दर्ज किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पहले इससे 24 वर्षीय नटराज टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48.66 सेकंड का समय निकाला। इसके साथ ही उन्होंने साजन प्रकाश के 2021 में बनाए गए 1:49.73 सेकंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। बैकस्ट्रोक में विशेषज्ञता रखने वाले नटराज इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक भी जीत चुके हैं। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड केवल नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप



### हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के ज़रिए यह जानकारी दी। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "यह मेरे लिए एक दुखद दिन है, क्योंकि मैं घोषणा कर रहा हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हटने का फैसला लिया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने अपने और अपने परिवार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है।" उन्होंने कहा, "अब मैं अपने परिवार के साथ ज़्यादा समय बिता सकूंगा और यही मेरे इस फैसले का मुख्य कारण है।" 33 वर्षीय क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था, ताकि वह सफेद गेंद क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने अपने करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 60 वनडे, 58 टी20 और 4 टेस्ट मैच खेले। क्लासेन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेला था, जिसमें वे 7 गेंदों में केवल 3 रन बनाकर आउट हो गए थे।



### स्लो ओवर रेट के चलते श्रेयस अय्यर और हार्दिक पंड्या पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के क्वालिफायर-2 मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया गया है। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया था। आईपीएल की आचार संहिता के तहत निर्धारित ओवर गति बनाए रखने में विफल रहने पर यह कार्रवाई की गई है। पंजाब किंग्स के लिए यह सीजन का दूसरा अपराध था, जिस कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर या तो 6 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस के लिए यह तीसरी बार था, जब टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे करने में असफल रही।

### अर्जेंटीना से 2-4 से हारी भारतीय जूनियर महिला टीम

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को मेज़बान अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए कनिका सिवाच (11', 45') ने दो शानदार गोल किए और टूर्नामेंट में अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखा। मैच की शुरुआत तेज़ रफ्तार में हुई और पहले ही क्वार्टर में कुल चार गोल देखने को मिले। अर्जेंटीना ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए 5वें मिनट में सोल गुइगनेट गुनाजु के गोल से खाता खोला। इसके कुछ ही देर बाद 7वें मिनट में सोल ओलाला डी लाब्रा ने दूसरा गोल दागकर मेज़बान टीम को मजबूत बढ़त दिला दी।

## व्यापार/लाइफ व

## एक नजर

### घटती महंगाई के बीच भारतीय बॉन्ड मार्केट चमक रहा : जेफरीज

**मुंबई।** महंगाई में कमी जारी रहने और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के साथ भारतीय बॉन्ड मार्केट मजबूत प्रदर्शन दर्ज करवा रहा है। यह जानकारी जेफरीज की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। भारत में मुद्रास्फीति लगातार कम हो रही है। पिछले वित्त वर्ष में औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत थी और अप्रैल 2025 में यह घटकर केवल 3.2 प्रतिशत रह गई, जो जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। इससे आरबीआई को आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करने में अधिक अवसर मिला है। अब तक, केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है और जेफरीज ने 2025 के अंत तक 75 आधार अंकों की अतिरिक्त कटौती का अनुमान लगाया है। इससे खासकर लंबी अवधि के निवेशकों के लिए भारतीय सरकारी बॉन्ड अधिक आकर्षक बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका जैसे विकसित बाजारों के बॉन्ड की तुलना में, भारतीय बॉन्ड वर्तमान में बेहतर रिटर्न दे रहे हैं। अप्रैल 2020 से भारत के टेन-ईयर सरकारी बॉन्ड ने अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अमेरिकी टेन-ईयर ट्रेजरी बॉन्ड की तुलना में 51 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है।

### आरबीआई जून एमपीसी में रेपो रेट में 50 आधार अंक तक की कर सकता है कटौती

**नई दिल्ली।** एसबीआई की ओर से सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि अनिश्चित माहौल को संतुलित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जून एमपीसी में रेपो रेट में 50 आधार अंक तक की कटौती कर सकता है। एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ सौम्या कांति घोष ने कहा कि इस साइकिल में संचयी रूप से 100 आधार अंक की ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि घरेलू तरलता और वित्तीय स्थिरता की चिंताएं कम हो गई हैं। महंगाई आरबीआई द्वारा तय की गई सीमा में रहने की उम्मीद है। घरेलू विकास की गति को बरकरार रखना मुख्य नीतिगत फोकस होना चाहिए। एसबीआई रिपोर्ट में बताया गया कि फरवरी 2025 से एफडी दरों में 30-70 बीपीएस की कमी आई है। आने वाली तिमाहियों में जमा दरों में इसका प्रभाव रहने की उम्मीद है। भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 8.4 प्रतिशत है।

# टेस्ला की भारत में मैन्युफैक्चरिंग के लिए पीएम मोदी और मस्क मिलकर करेंगे काम : एरोल मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने सोमवार को कहा कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि पीएम मोदी और मस्क कुछ ऐसा करेंगे, जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा। राष्ट्रीय राजधानी में आईएएनएस से बात करते हुए एरोल मस्क ने कहा कि टेस्ला को देश में लाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को भारत के हितों को देखना होगा। 79 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी ने जोर देते हुए कहा, "एलन को एक कंपनी के रूप में टेस्ला के हितों को देखना होगा। दोनों मिलकर कुछ ऐसा करेंगे, जो टेस्ला के साथ ही भारत के लिए भी सबसे अधिक लाभकारी हो। हालांकि, मैं यह एक निजी व्यक्ति के रूप में कह रहा हूं क्योंकि टेस्ला एक सार्वजनिक कंपनी है।"



एरोल मस्क ने आगे कहा कि "मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा।"

उन्होंने आईएएनएस से कहा, "भारत में टेस्ला प्लांट होना ही चाहिए। भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है।"

सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क की भारत यात्रा, सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में देश की तेजी से बढ़ती प्रगति और ग्रीन एंड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है।

भारत ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। देश का लक्ष्य 2030 तक पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनेट्रेशन हासिल करना है।

## भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 रहा : एचएसबीसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की गतिविधियां मजबूत बनी हुई है और मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 पर रहा। यह जानकारी एचएसबीसी इंडिया की ओर से सोमवार को दी गई। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित किए गए डेटा में बताया गया कि मई में पीएमआई अप्रैल के 58.2 से मामूली रूप से कम रहा है। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह वृद्धि को दिखाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, "भारत के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में एक और महीने मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है।" उन्होंने आगे कहा, "मई में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार वृद्धि दर एक और नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जो कि एक सकारात्मक बदलाव है। हालांकि, इस दौरान इनपुट कॉस्ट में इजाफा हुआ है और लेकिन मैन्युफैक्चरर्स आउटपुट की कीमतों को बढ़ाकर, इसे ग्राहकों तक स्थानांतरित कर रहे हैं।"यह मजबूत वृद्धि घरेलू और विदेशी मांग के साथ-साथ सफल मार्केटिंग प्रयासों के कारण हुई, जिसने निर्यात ऑर्डर को पिछले तीन वर्षों के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी की ओर से किए गए पीएमआई सर्वेक्षण में देश भर की फर्मों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के प्रमुख बाजारों से बढ़ती रुचि के बारे में बताया है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में मई में भर्ती में भी तेजी लाई है, जिससे पीएमआई सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से रोजगार सृजन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। सर्वेक्षण में सामने आया कि व्यवसायों ने अपने स्थायी कर्मचारियों को बढ़ाने और सुचारू संचालन एवं कार्यभार के अधिक कुशल प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया।